● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 130, पृष्ठ : 08, सीधी, सोमवार, 16 जून 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



ई-विधानसभा का केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने किया शुभारंभ 5

स्टीव स्मिथ ने उंगली की चोट पर दिया अपडेट 6

## ट्रम्प का दावा- ईरान और इजराइल का समझौता होगा

### बोले- मैंने भारत-पाकिस्तान समेत कई देशों के बीच संघर्ष रुकवाया पर क्रेडिट नहीं मिला



**तेल अवीव।** ईरान ने पिछले 3 दिनों से जारी संघर्ष के बीच रविवार शाम को फिर से इजराइल की ओर कई मिसाइलें दागीं। जवाब में इजराइल ने भी तेहरान में हवाई हमले किए। वहां कई बार धमाकों की आवाज सुनाई दी। आसमान में धुएं का गुबार दिखा।

इधर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर दावा किया कि दोनों देशों के बीच जल्द ही समझौता होगा। साथ ही भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर करवाने में फिर से अपनी भूमिका का जिक्र किया।

ट्रम्प ने लिखा, इजराइल और ईरान को डील करनी चाहिए, और डील होगी, जैसी मैंने भारत और पाकिस्तान के बीच करवाई थी। मैंने सर्बिया और कोसोवो, मिस्र और इथियोपिया सहित कई देशों के बीच टकराव रोका। मैं बहुत कुछ करता हूं, लेकिन क्रेडिट नहीं मिलता। हालांकि, ठीक है, लोग समझते हैं। इजराइल और ईरान के बीच शुक्रवार रात से टकराव शुरू हुआ था। इजराइली हमले से ईरान में अब तक 138 लोग मारे जा चुके हैं। इनमें 9 न्यूक्लियर साइंटिस्ट और 20 से ज्यादा ईरानी कमांडर्स शामिल हैं। 350 से ज्यादा लोग घायल हैं। वहीं, ईरान ने भी इजराइल पर 150 से ज्यादा मिसाइलें दागी हैं। इसमें 14 इजराइली मारे गए हैं और 380 घायल हैं। इजराइल ने ईरान के तेहरान और बुशहर में ऑयल डिपो और गैस रिफाइनरी समेत कई ठिकानों पर हमले किए हैं। इजराइली आर्मी ने दावा किया है कि उसने पूर्वी ईरान के मशहद एयरपोर्ट पर एक रिफ्यूलिंग प्लेन पर हवाई हमला किया है। इजराइली सेना के मुताबिक, लड़ाई शुरू होने के बाद यह उनका सबसे दूर किया गया हमला है। ईरान में यह जगह इजराइल से लगभग 2,300 किलोमीटर से दूर है। हवाई हमले के बाद मशहद एयरपोर्ट पर आग लग गई। ईरान ने कहा है कि उसने 44 इजराइली ड्रोन और क्वाडकॉप्टर को मार गिराया गया है। न्यूज एजेंसी के अनुसार, बॉर्डर गार्ड कमांडर अहमद अली गौदरजी ने कहा कि ईरान ने पिछले 48 घंटों में 44 ड्रोन और क्वाडकॉप्टर को देश के एयरस्पेस में घुसने से रोका।

इजराइल डिफेंस फोर्स के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल इयाल जमीर ने रविवार को कहा कि ईरान पर इजराइली एयरफोर्स जिस सटीक और व्यापक तरीके से हमला कर रही है, वह दुश्मन की उम्मीद से परे है। आईडीएफ चीफ ने इजराइल एयरफोर्स के केंद्रीय कमांड सेंटर के दौरे के दौरान कहा, ईरान में हम जो आक्रामक ऑपरेशन चला रहे हैं, वह इजराइल की रणनीतिक हकीकत को बदल रहा है। हम अपने अस्तित्व से जुड़े एक खतरे को दूर कर रहे हैं और अपनी सुरक्षा मजबूत कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने ईरान में कश्मीरी छात्रों की स्थिति पर विदेश मंत्री एस जयशंकर से बात की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा, विदेश मंत्री ने मुझे आश्वासन दिया कि भारत सरकार ईरानी नेताओं से संपर्क में है और वहां रहने वाले सभी भारतीय छात्रों की सुरक्षा के लिए सभी जरूर कदम उठाएगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कहा है कि इजराइल और ईरान को भारत और पाकिस्तान की तरह आपस में समझौता करना चाहिए। उन्होंने यह भी दावा किया कि दोनों देशों के बीच शांति समझौता जल्द हो सकता है। उन्होंने लिखा, अब भी इजराइल और ईरान के बीच शांति लाने के लिए कई बातचीत और मुलाकातें हो रही हैं। मैं बहुत कुछ करता हूं लेकिन क्रेडिट नहीं लेता। लेकिन कोई बात नहीं, लोग समझते हैं। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने पहले भी भारत-पाकिस्तान और सर्बिया-कोसोवो के बीच तनाव कम करने में मदद की थी।

## मुख्यमंत्री आज लाडली बहनों के खाते में अंतरित करेंगे राशि

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन और सिलेंडर रिफिलिंग की राशि भी करेंगे अंतरित



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार 16 जून को जबलपुर जिले के विधानसभा क्षेत्र बरगी के ग्राम बेलखेड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय लाड़ली बहना एवं महिला सम्मेलन में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, संबल योजना और सिलेंडर रिफिलिंग योजना में हितग्राहियों के खातों में जून माह की राशि अंतरित करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश की 1करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में लाड़ली बहना योजना की जून माह की किस्त 1551 करोड़ 44 लाख रूपये अंतरित करेंगे। लाड़ली बहनों को मिलने वाली यह 25वीं किश्त है। योजना में प्रत्येक लाड़ली बहना को प्रत्येक माह 1250 रूपये की राशि उनके खातों में अंतरित की जाती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव लाड़ली बहना एवं महिला सम्मेलन में 56 लाख 68 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में 341 करोड़ रूपए की राशि, 27 लाख से अधिक बहनों को सिलेंडर रिफिलिंग की 39.14 करोड़ रुपए की राशि तथा मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना में 6 हजार 821 श्रमिक परिवारों की 150 करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि का भी सिंगल क्लिक से अंतरण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के लाभार्थियों को हितलाभ वितरण करने के साथ ही लगभग 22 करोड़ 44 लाख रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी करेंगे। इनमें 15 करोड़ 09 लाख रुपये की लागत के पाँच निर्माण कार्यों का लोकार्पण तथा 7 करोड़ 43 लाख रुपये के तीन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करेंगे।

सम्मेलन में जिन निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया जायेगा उनमें बरगी विधानसभा क्षेत्र के घाट पिपरिया में 4 करोड़ 18 लाख 08 हजार रुपये से निर्मित आदिवासी कन्या छात्रावास भवन, शहपुरा आईटीआई में 2 करोड़ 89 लाख 44 हजार रुपये से नवनिर्मित भवन, बेलखेड़ा में 4 करोड़ 47 लाख 93 हजार रुपये से निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन, शहपुरा विकासखण्ड के ग्राम पिपरिया कला में 2 करोड़ 95 लाख 45 हजार रुपये से निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा में 50 लाख रुपये से बना भवन शामिल है।

## आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में फ्रांस के समर्थन को विदेश मंत्री ने सराहा



**पेरिस।** भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने फ्रांस दौरे पर फ्रांस के राष्ट्रपति से मुलाकात की और आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में फ्रांस के समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। अपने दौरे पर विदेश मंत्री ने भारत और फ्रांस की रणनीतिक साझेदारी की पुष्टि भी की। विदेश मंत्री 11-14 जून तक फ्रांस दौरे पर रहे। विदेश मंत्री ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की। इस मुलाकात में विदेश मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी का संदेश राष्ट्रपति मैक्रों को दिया, जिसमें आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में फ्रांस के समर्थन के लिए धन्यवाद दिया गया था। दोनों पक्ष होरिजोन 2047 रोडमैप को लागू करने पर भी सहमत हुए। साथ ही रक्षा उद्योग को लेकर भी सहमति बनी। बयान में कहा गया कि भारत-फ्रांस के रिश्तों में अब विश्वास, साझा महत्वकांक्षाएं दिखाई देती हैं। विदेश मंत्री ने फ्रांस के विदेश मंत्री नोएल बैरट से भी मुलाकात की। दोनों नेताओं की मुलाकात में भारत और फ्रांस की रणनीतिक साझेदारी में आई तेजी को सराहा गया। भारत, फ्रांस के साथ रक्षा, अंतरिक्ष, आतंकवाद निरोधी अभियान और वैश्विक मुद्दों पर सहयोग कर रहा है। दोनों देशों में तकनीक, इनोवेशन, व्यापार, निवेश, स्वास्थ्य, जीवन विज्ञान, शिक्षा, म्यूजियम सहयोग और लोगों के लोगों से रिश्ते मजबूत करने पर ध्यान दिया जा रहा है। दोनों देशों के नेताओं की बैठक में क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों जैसे हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में सुरक्षा चुनौतियों पर भी बात हुई। विदेश मंत्री जयशंकर ने मार्शिले में आयोजित हुए भूमध्य सागर रायसीना डायलॉग में हिस्सा लिया और कार्यक्रम को संबोधित भी किया।

## अहमदाबाद प्लेन हादसा- विजय रूपाणी के शव की पहचान हुई, राजकोट में कल होगा अंतिम संस्कार

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वाले गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी के शव की पहचान हो गई है। रविवार को उनका डीएनए मैच हो गया। परिवार के मुताबिक, राजकोट में सोमवार दोपहर 3 बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा। 12 जून को हुए प्लेन क्रैश में मरने वालों का आंकड़ा 275 पहुंच गया है। अहमदाबाद सिविल अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि 230 परिवारों से अबतक संपर्क किया जा चुका है। आज सुबह तक 248 शवों के डीएनए सैंपल लिए गए। इनमें से 86 की शिनाख्त हो गई है।

### मोदी साइप्रस दौरे परः राष्ट्रपति निकोस ने एयरपोर्ट पर रिसीव किया

## पीएम भारतीय समुदाय से मिले, भारत माता की जय के नारे लगाए



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साइप्रस पहुंच गए हैं। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने रविवार को एयरपोर्ट पर रेड कार्पेट बिछाकर उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति निकोस पीएम मोदी का हाथ पकड़कर साथ चले। इसके बाद मोदी साइप्रस के लिमासोल गए। होटल के बाहर भारतीय समुदाय से मुलाकात की। बच्चों को दुलार किया। साथ ही भारत माता की जय के नारे लगाए। दोनों देशों के व्यापार को बढ़ावा देने के लिए मोदी और साइप्रस राष्ट्रपति के बीच एक बैठक हुई। जिसमें बिजनेस से जुड़े लोग भी शामिल हुए। मोदी रविवार को 3 देशों की 4 दिन की यात्रा पर रवाना हुए। वे 15-16 जून को साइप्रस में रहेंगे। 16 और 17 जून को कनाडा में त्न7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके बाद मोदी 18 जून को क्रोएशिया जाएंगे। 19 जून को भारत लौट आएंगे। इस दौरान वे 27 हजार 745 किमी का सफर तय करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, मैं भारतीय समुदाय को उनके स्नेह के लिए धन्यवाद देता हूं। भारत आने वाले समय में साइप्रस के साथ संबंधों को और मजबूत करने के लिए काम करता रहेगा। लिमासोल में होटल के बाहर पीएम मोदी से मुलाकात के बाद भारतीय समुदाय की महिला ने कहा, हम सभी उत्साहित हैं कि प्रधानमंत्री मोदी यहां आए हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है। हम खुश हैं। मोदी साइप्रस जाने वाले तीसरे भारतीय प्रधानमंत्री हैं। इससे पहले 1983 में इंदिरा गांधी और 2002 में अटल बिहारी वाजपेयी ने इस देश का दौरा किया था।

## शिवपुरी में निर्माणाधीन ओवरब्रिज का एक हिस्सा गिरा, छह मजदूर घायल

**शिवपुरी।** शिवपुरी शहर के पोहरी रोड पर बनाए जा रहे निर्माणाधीन ओवरब्रिज का हिस्सा अचानक शनिवार की रात को भरभराकर गिर गया। इस दौरान स्कूल निर्माण में काम करने वाले 6 मजदूर घायल हो गए। सभी घायल मजदूरों को शिवपुरी के जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। निर्माणधीन पुल के गिर जाने से पोहरी के कांग्रेस विधायक कैलाश कुशवाह ने इस मामले में संबंधित निर्माण एजेंसी के अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है और पुल के घटिया होने का आरोप लगाया है।

## कुशासन का अंत तुरंत मांग रहा है बिहार : तेजस्वी

**पटना।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक बार फिर से नीतीश सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने सीएम नीतीश कुमार के 20 साल के कार्यकाल पर सवाल उठाया। सोशल मीडिया पर उन्होंने कहा कि बिहार को अब 20 साल पर पुरानी सरकार नहीं है। सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार का विकास रूक सा गया है। विकास संकेतकों में सबसे नीचे है। नीति आयोग की सूची का हवाला देते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हमें दुख होता है जब बिहार नीति आयोग के सभी सूचकांकों में सबसे फिसड्डी निकलता है। उन्होंने कहा कि बिहार देश में सबसे गरीब राज्य है। सबसे अधिक पलायन बिहार से है। बेरोजगारी सबसे ज्यादा बिहार में ही है। 20 साल से नीतीश कुमार जी मुख्यमंत्री है, 11 साल से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं लेकिन बिहार का क्या मिला, क्या विकास हुआ? बिहार में आम लोग अफसरशाही, अशिक्षा और रिश्वतखोरी से परेशान हैं। विधि व्यवस्था बदहाल है।

## पुणे में इंद्रायणी नदी पर पुल ढहने से चार की मौत, 18 घायल



**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में पिंपरी-चिंचवड़ पुलिस स्टेशन के अंतर्गत कुंदामाला गांव के पास इंद्रायणी नदी पर बना एक पुल ढह से चार लोगों की मौत हो गई। वहीं इस हादसे में 18 लोग घायल हैं। एनडीआरएफ की तरफ से चलाए गए रेस्क्यू ऑपरेशन में कई लोगों को बचाया गया है। जिसमें कई घायल की हालत गंभीर है। मामले अधिकारियों ने बताया कि बचाए जाने के बाद उपचार के दौरान दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोगों के शव पुल के ढहे हुए हिस्से के नीचे से बरामद किए गए। तालेगांव दाभाड़े पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक प्रदीप रायन्नावर ने कहा, ढांचे के नीचे से दो शव बरामद किए गए हैं, लेकिन हमें संदेह है कि एक व्यक्ति वहां फंसा हुआ है। व्यक्ति का पता लगाने और उसे बचाने के प्रयास जारी हैं।

इंद्रायणी नदी पर पुल ढहने पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, %मावल में पुल ढहने की घटना हुई है। मैंने डिविजनल कमिश्नर, तहसीलदार और पुलिस कमिश्नर से बात की है। कुछ लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है। कुछ लोग फंसे भी हैं। एनडीआरएफ की टीम वहां पहुंच रही है...पूरी जानकारी मिलने के बाद ही मैं इस बारे में जानकारी दूंगा। अभी प्रशासन लोगों को राहत पहुंचाने की पूरी कोशिश कर रहा है। इस घटना को लेकर सीएम फडणवीस ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- पुणे जिले के इंदौरी में तलेगांव के पास इंद्रायणी नदी पर बने पुल के ढहने से हुए हादसे की खबर सुनकर मुझे गहरा दुख हुआ है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई है।

## पैसों के लालच में ना आएं, एकजुट रहें, निकाय चुनाव से पहले उद्धव की पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को अपने पार्टी के कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पाला बदलने के लिए मिलने वाले पैसों के लालच में न आएं और मुंबई के हित में एकजुट रहें। उनका यह बयान में महाराष्ट्र में आने वाले दिनों में होने वाले स्थानीय निकाय चुनावों से पहले आया है। इसमें बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) का चुनाव भी शामिल है। ये चुनाव इस साल के अंत तक होने की संभावना है। जून 2022 में शिवसेना का बंटवारा हुआ था, जब एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में एक गुट ने बगावत की और उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली महा विकास आघाड़ी सरकार गिर गई थी। पार्टी के एक सूत्र के मुताबिक, उद्धव ठाकरे ने रविवार को मुंबई में शिवसेना (यूबीटी) के शाखा प्रमुखों के साथ बंद कमरे में बैठक की। सूत्रे ने बताया कि इस बैठक में ठाकरे ने कहा कि शाखा प्रमुख और जमीनी स्तर के अन्य कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत हैं।

## केदारनाथ के पास हेलिकॉप्टर क्रैश, 7 की मौत

**गौरीकुंड/रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ के पास गौरीकुंड में रविवार सुबह करीब 5ः20 बजे हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। इसमें पायलट समेत सभी 7 यात्रियों की मौत हो गई। मरने वालों में महाराष्ट्र का 2 साल का बच्चा भी शामिल है। हेलिकॉप्टर श्रद्धालुओं को लेकर केदारनाथ मंदिर से गौरीकुंड के लिए उड़ा था। प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि घाटी में बादल थे और विजिबिलिटी ठीक नहीं थी, फिर भी हेलीकॉप्टर उड़ाया गया। यह आर्यन एविएशन कंपनी का था। हादसे के बाद चार धाम यात्रा हेलिकॉप्टर सर्विस पर रोक लगा दी गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हेली सर्विस के संचालन को लेकर सख्त नियम बनाए जाएंगे।

## कांग्रेस की विदेश नीति नेहरू परिवार पर केंद्रित थी, देश ने इसका खामियाजा भुगता, भाजपा सांसद का पलटवार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस बीते कई दिनों से केंद्र सरकार की विदेश नीति पर सवाल उठा रही है। हाल ही में कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दावा किया कि अमेरिका ने अपने आर्मी डे परेड में पाकिस्तानी सेना प्रमुख को आमंत्रित किया है। इसे लेकर कांग्रेस ने भारत की विदेश नीति को पूरी तरह से असफल बता दिया था। अब भाजपा ने कांग्रेस पर पलटवार किया है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में कांग्रेस पर जमकर भड़ास निकाली और पार्टी पर तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि विपक्ष, खासकर कांग्रेस ने पढ़ना-लिखना बंद कर दिया है। पिछले 2-3 दिनों से पूरी कांग्रेस पार्टी कहती रही कि पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर अमेरिका जा रहे हैं। ये पाकिस्तान का एक जाल था। आज पता चला कि व्हाइट हाउस या अमेरिकी सेना ने आसिम मुनीर को कभी नहीं बुलाया। पाकिस्तान मुस्लिम लीग और जयराम रमेश में क्या फर्क है? दूसरी बात, जब 1985 में कनिष्क बम धमाका हुआ, तो कनाडा ने इसकी जांच कब शुरू की? 2006 में शुरू की। कनाडा के पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो के पिता 1968 से 1984 तक कनाडा के प्रधानमंत्री थे। इंदिरा गांधी ने उन्हें 16 साल तक सात पत्र लिखे, लेकिन वो उनके पत्रों का जवाब नहीं दे रहे थे, उनकी बात नहीं सुन रहे थे और खालिस्तानी आतंकवादियों को पनाह दे रहे थे और आप हमें विदेश नीति सिखा रहे हैं?

## गृहमंत्री ने सिपाहियों को दिए नियुक्ति पत्र



**लखनऊ।** अतंरिक्ष के क्षेत्र में हम सोच नहीं सकते थे, कि भारत कभी वहां पहुंचेगा। लेकिन हम चंद्रमा के उस हिस्से पर पहुंचे जहां पूरे विश्व में कोई नहीं पहुंचा। आज अयोध्या में रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हो चुके हैं। काशी विश्वनाथ में कॉरिडोर बन चुका है। सोमनाथ मंदिर सोने का बनाने की दिशा में काम हो रहा है। वक्फ बोर्ड से आज कोई एक पाई भी नहीं चुरा सकता। वक्फ कानून से रोका गया है।

आखिर में गृहमंत्री ने कहा कि आज यहां उत्तर प्रदेश पुलिस बल में जो नई भर्तियां हुई हैं, उनमें 12 हजार से अधिक महिलाएं हैं। हमने महिलाओं के लिए जो आरक्षण दिया था, उसे उत्तर प्रदेश में पूरी तरह लागू किया गया है। अगर, मैं पीएम मोदी के शब्दों का इस्तेमाल करूं तो आप अमृतकाल में यूपी पुलिस में शामिल होने जा रही हैं। आप सभी युवा यूपी पुलिस का हिस्सा बनिए। गरीब, वंचित को आपके अंदर मसीहा दिखना चाहिए। ऐसा काम कीजिए। यूपी में अच्छा काम करते हुए आप देश की सेवा करेंगे।

पिछले 11 साल के अदंर देश में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए। करोड़ों लोगों को गैस सिलिंडर, पांच लाख तक का मुफ्त इलाज, किसान को छह हजार रुपये सालाना देकर मोदी सरकार ने एक नया उजाला देने का काम किया है। जब नरेंद्र मोदी आए तब देश अर्थतंत्र में 11वें नंबर पर था। आज हम चौथे नंबर पर हैं। 2027 तक हमारा देश दुनिया में तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बन जाएगा। मोदी सरकार में देश सुरक्षित हुआ है। पहले 11 जिलों में नक्सलवाद हावी था। आज सिर्फ तीन जिले बचे हैं। मेरी बात याद रखना 31 मार्च 2026 को हम देश को नक्सलवाद मुक्त कर देंगे। कांग्रेस शासन में आए दिन आतंकवादी हमले होते थे। मोदी के शासन में तीन बार प्रयास हुआ। उरी में हमला किया तो सर्जिकल स्ट्राइक किया। पुलवामा किया तो हमने एयर स्ट्राइक किया। पहलगाम में हमला किया तो आपरेशन सिंदूर से हमने उनके मुख्यालय को जमीन में मिला दिया। जहां पर बैठकर वो इंटरव्यू देते थे, वहां से रोने के उनके वीडियो सामने आ रहे हैं।

गृहमंत्री ने आगे कहा कि आज किसी युवा को नौकरी के लिए एक पैसा भी नहीं देना पड़ा। न खर्ची, न पर्ची, न सिफारिश... सिर्फ योग्यता के आधार पर आप सबका चयन हुआ। इसमें 12 हजार से अधिक बच्चियां भी है। आज बच्चियों के चेहरे पर मुस्कान, तेज, आत्मसंतुष्टि देखकर काफी सुकून मिला। आज तक पुलिस बल में भर्तियां जाति के आधार पर होती थीं। लेकिन आज तकनीक के माध्यम से पारदर्शिता के कारण आप सभी की नियुक्ति हुई है।

# रकम ऐठ कर शादी का झांसा देने वाले लूटपाट के दो सदस्य गिरफ्तार

**राज्य के अन्य जिले से बुलाकर धनराशि लूट कर मारपीट करने एवं गंभीर अपराधों में फंसाने का करते थे गोरख धंधा, अन्य आरोपियों की तलाश जारी**



**सिंगरौली।** सरई पुलिस ने एक ऐसे गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिनके द्वारा राज्य के अन्य जिले से बुलाकर धनराशि लूटने एवं मारपीट कर महिला संबंधि गंभीर अपराधों में फंसाने की कोशिश करते आ रहे थे। पुलिस ने ऐसे आरोपियो के कारनामो का भण्डाफोड़ कर दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र भदौरिया ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी देशराज राय पिता शंकरलाल राय उम्र 30 वर्ष निवसी ग्राम कदवाया थाना कदवाया जिला अशोकनगर का उपस्थित होकर थाना में रिपोर्ट लेख कराया कि ग्राम धुम्माडोल निवासी रमेश जायसवाल उसे शादी के लिये लड़की देखने के लिये बुलाया था। जहां 12 जून को जब वह अपने रिस्ते भाई के साथ लड़की देखने आया तो उसे एक घर में ले जाकर रमेश जायसवाल एवं उसके अन्य 6 साथी गाली गलौज कर मारपीट किये एवं झूठे अपराध में फंसाने की धमकी देते हुये स्कॉरपियो वाहन में बैठाकर फरियादी एवं उसके भाई को गजराबहरा के पास जगंल में ले जाकर मारपीट कर 8600 रुपये जबरन लूट लिये तथा 1 लाख रुपये की मांग किये कि अगर अगले दिन एक लाख रुपये नही दिया तो छेड़खानी के जुर्म फंसा देंगे तथा यह बात किसी को बतायी तो यहा से जिन्दा नहीं जा पाओगे। रिपोर्ट पर धारा 296,309 (6),308 (3),127 (2),351(3),3(5) बीएनएस अपराध सदर पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर दो नफर आरोपी अनिल कुमार जायसवाल पिता रामचन्द्र जायसवाल उम्र 21 वर्ष एवं राजकली जायसवाल पति अनिल कुमार जायसवाल उम्र 20 वर्ष दोनों निवासी गोरा थाना सरई को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। शेष अन्य आरोपियों की पता-तलास व प्रकरण में भूमिका के सबंध में विवेचना जारी है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक जितेन्द्र सिंह भदौरिया, सउनि उपेन्द्र सिंह, सउनि पुष्पागिरी, प्रआर आशीष त्रिपाठी, कैलाश सिंह, हरिभजन सिंह, आर रिंकू धाकड़, सदन यादव, ओमप्रकाश शर्मा, बबलू यादव, तेजभान सिंह, शिवम पाटकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बैसवार महासंघ का सदस्यता अभियान शुरू

**सिंगरौली।** बैसवार महासंघ का सदस्यता अभियान तेजी के साथ शुरू करने के लिए जोर दिया जा रहा है। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामलल्लू बैस के आवास पर महासचिव समेत अन्य पदाधिकारी पहुंच सदस्यता अभियान का कूपन सौपा है। वही पूर्व विधायक के स्वास्थ्य के बारे में कुशलक्षेम जाना। बैसवार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामलल्लू बैस के आवास पर सिंगरौली में बैसवार महासंघ के उपाध्यक्ष रामलला बैस, महासचिव हरिओम कुसुमाकर बैस, कोषाध्यक्ष जागबली प्रसाद बैस, कार्यालय मंत्री लखपति बैस कार्यकारिणी सदस्य रामलखन बैस, डीकेएस शम्भूरत्ना, म.प्र. के सदस्यता अभियान प्रभारी सुरेंद्र प्रताप सिंह, चन्द्रिका बैस, महेंद्र बैस राजेश्वर बैस पहुंचकर अध्यक्ष के स्वाथ्य के सम्बन्ध में कुशल क्षेम जाना तथा संघ के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों द्वारा संघ के सदस्यता अभियान के सम्बन्ध में चर्चा हुआ तथा अध्यक्ष द्वारा बैसवार महासंघ के म.प्र. एवं छत्तीसगढ़ के सदस्यता अभियान प्रभारी सुरेंद्र प्रताप सिंह एवं रामलखन बैस को संघ के सदस्यता का कूपन सौपा गया और सदस्यता अभियान में तेजी लाने व बैसवार महसंघ के द्वारा समाज का विकास और समाज को जागरूक करने के सम्बन्ध में मंथन किया गया।

# सिंगरौली विस्थापन संघर्ष समिति के आवाहन पर डॉ. सुनीलम ने मोरवा में की आमसभा



**सिंगरौली ।** जिले में एनसीएल द्वारा खदानों के विस्तार के लिए मोरवा को बिना बसाए उजाड़ा जा रहा है। जिस कारण करीब 50 हजार लोगों को यहाँ से विस्थापित होना पड़ेगा। इस विस्थापन की गंभीर समस्या को लेकर सिंगरौली विस्थापित संघर्ष समिति के संरक्षक अमित तिवारी के आवाहन पर देश के मशहूर एक्टिविस्ट डॉ. सुनीलम एवं एडवोकेट आराधना भार्गव के द्वारा मोरवा में बीते दिन शनिवार की देर शाम आमसभा कर लोगों को अपने हक के लिए आगे आने की अपील की गई।

इस दौरान डॉ. सुनीलम के द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि एनसीएल को पुनर्वास नीति के तहत विस्थापन करना होगा। उन्होंने कहा कि पुनर्वास नीति के तहत मोरवा शहर से भी खूबसूरत शहर बसा कर एनसीएल को विस्थापितों को देना होगा। मोरवा के लोग एकजुट होकर एनसीएल से लड़े, जब भी जरूरत होगी हम अपने पूरी टीम के साथ कंधे से कंधा मिलाकर इस विस्थापन की लड़ाई लड़ने के लिए आगे आएंगे। वही एडवोकेट आराधना भार्गव ने अपने उद्बोधन में कहा कि पुनर्वास नीति में पट्टेदार, वन भूमि, सरकारी भूमि पर बसे लोगों को समान मुआवजा देने का प्रावधान है। विस्थापन को लेकर सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट पर पत्रकारों द्वारा सवाल पूछे जाने पर एडवोकेट आराधना भार्गव ने बताया कि 17 मार्च 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश सरकार को अधिग्रहण क्षेत्र में पुनर्वास नीति का पालन कराने का सख्त निर्देश दिया हैं।

अगर एनसीएल अधिग्रहण प्रभावित क्षेत्र के लोगों को पुनर्वास नीति के तहत मुआवजा वितरण नहीं करता तो मोरवा की जनता को एकजुट होकर इसके लिए लड़ाई लड़ना चाहिए। इस आमसभा में अमित तिवारी, सत्येंद्र पासवान, हरेंद्र राय, रमन सिन्हा, बंटी सिन्हा, विवेक, शंकर, आरडी, कालिका गुप्ता, सुशीला सिंह के साथ-साथ सैकड़ो की संख्या में विस्थापित आम जनमानस मौजूद रहे।

# आधा दर्जन शराबखोर चालको पर हुई कार्यवाही



**सिंगरौली।** शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध यातायात पुलिस सख्त कदम उठा रही है। 14 एवं 15 जून की मध्यरात्रि निगाही मोड़, अमलोरी तिराहा एवं पुराना ट्रैफिक तिराहा पर औचक चेकिंग किया। जहां आधा दर्जन शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई कर जप्त करते हुये न्यायालय में पेश किया गया।

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों के प्रति आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत 14-15 जून को मध्य रात्रि में अलग-अलग टीम लगाया जाकर शहर के निगाही मोड़, अमलोरी तिराहा एवं पुराना ट्रैफिक तिराहा पर शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान लगभग 43 वाहनों को चेक किया गया एवं समझाइस दी गई थी। इस दौरान 5 ट्रक एवं 1 ट्रेवलर वाहन का चालक शराब पीकर वाहन चलाते पाए जाने पर वाहनों को जप्त कर निराकरण के लिए न्यायालय पेश किया जाकर वाहन चालको का लाइसेंस निलंबन कराया जाएगा। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी यातायात दीपेन्द्र सिंह कुशवाह, आर संजीव कुमार, गणेश एवं जितेंद्र अन्य यातायात पुलिस स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# एनटीपीसी सिंगरौली में स्टेशन स्तरीय क्वालिटी सर्कल कन्वेंशन का हुआ आयोजन



**सिंगरौली।** एनटीपीसी सिंगरौली में स्टेशन स्तरीय क्वालिटी सर्कल कन्वेंशन का आयोजन 13 एवं 14 जून को किया गया। इस दो दिवसीय आयोजन में कर्मचारी श्रेणी की 8 टीमों एवं संविदा वर्ग की 10 टीमों ने सक्रिय रूप से भागीदारी की।

इस अवसर पर राजीव अकोटकर कार्यकारी निदेशक अतिथि के रूप में एवं जोसफ बास्टियन महाप्रबंधक एवं आरआर मोहंती महाप्रन्धक मौजूद रहे। उन्होंने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में गुणवत्ता सुधार के प्रति कर्मचारियों की प्रतिबद्धता की सराहना की। कन्वेंशन के दौरान विभिन्न टीमों ने अपनी गुणवत्ता सुधार परियोजनाओं का प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया। जिसे विशेष निर्णायक मंडल द्वारा मूल्यांकन किया गया। निर्णायक मंडल में अजीत सिंह महाप्रन्धक टीएमडी, अवनीश सिंह अपर महाप्रबंधक आईटी तथा क्यूसीएफआई से आरिफ खान मुख्य भूमिका में रहे। कार्यक्रम बिजनेस एक्सीलेंस विभाग के विभागाध्यक्ष, महाप्रबंधक, पीयूष श्रीवास्तव के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ जिसका सफल संचालन वरिष्ठ प्रबंधक अंजना भारद्वाज एवं अतुल तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यस्थल पर निरंतर सुधार, नवाचार एवं टीम भावना को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण एवं विजेता टीमों के सम्मान के साथ हुआ। जिसमें संविदा वर्ग की टीम, प्रयास, सी एंड आई विभाग एवं कर्मचारी वर्ग से टीम उम्मीद, ऐश हैंडलिंग विभाग से विजेता रही। एनटीपीसी सिंगरौली की ओर से यह आयोजन गुणवत्ता एवं टीम भावना को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# समृद्धि व प्रगति ने पहले प्रयास में नीट की सफलता हुई हासिल

**सिंगरौली।** समृद्धि तिवारी एवं प्रगति शुक्ला ने नीट परीक्षा में पहले प्रयास में ही सफलता हासिल कर पूरे परिवार को गौरवांवित करते हुये जिले का नाम रोशन की हैं। समृद्धि तिवारी एमपी बोर्ड के कक्षा 12वीं के परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक हासिल की थी।

समृद्धि के बारे में बता दें कि समृद्धि के पिता प्रमोद कुमार तिवारी हिंदी विषय के उच्च माध्यमिक शिक्षक हैं। जहां कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरगवां में पदस्थ हैं। पिता प्रमोद तिवारी चाहते थे कि बेटी डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करें और सकृद्धि ने अपने पिता के सपने को साकार कर दी। समृद्धि ने नीट की परीक्षा के पहले ही प्रयास में सफलता हासिल कर ली। समृद्धि को मिले 527 अंक नीट 2025 की परीक्षा में समृद्धि तिवारी को कुल 527 अंक प्राप्त हुए और ऑल इंडिया रैंक में 25795वां रैंक हासिल की। इसके अलावा प्रगति शुक्ला पिता संतोष शुक्ला यूएमएस कन्या विद्यालय माता किरण पाण्डेय एमएस उत्कृष्ट विद्यालय देवसर का नीट में चयन हुआ है। प्रगति की नीट परीक्षा परिणाम में ऑल इंडिया में रैंकिंग 12141 है। कुल 550 अंक हासिल हुये थे। दो छात्राओं की इस उपलब्धि पर शिक्षको के साथ-साथ अन्य में हर्ष का माहौल है।

# न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ ने छः सूत्रीय मांग पत्रों का जिला प्रशासन को सौपा ज्ञापन

**सिंगरौली।** न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ ने आज दिन रविवार को मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के यहां छः सूत्रीय मांग पत्रों का ज्ञापन सौपा है।

न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन महासंघ के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौपते हुये अवगत कराया है कि प्रदेश में करीब 6 लाख कर्मचारी एनपीएस के दायरे में कार्यरत हैं। जहां लगातार पुरानी पेंशन के बहाली की मांग करते आ रहे हैं। परंतु अब सरकार पुरानी पेंशन की जगह यूपीएस लेकर आई है, जो विसंगति पूर्ण है और समस्त कर्मचारी ठगा महसूस कर रहे हैं। जबकि कई राज्यों के राज्य सरकारे पुरानी पेंशन बहाल कर रखी है। जिसमें भाजपा शासित राज्य भी हैं। इसके पूर्व शिक्षको ने बैढ़न शहर में आज दिन रविवार की देर शाम विशाल रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन भी सौपा है। छः सूत्रीय मांग पत्रों में मुख्य रूप से शिक्षा विभाग में ई-अटेन्डेन्स की अनिवार्यता की गई है, जबकि अन्य किसी विभाग में ऐसी कोई बाध्यता नहीं है जो अनुचित है, इसे समान रूप से लागू किया जाये या समाप्त किया जाये। शिक्षा विभाग में क्रमोन्नति प्राप्त कर्मचारियों का पे एरियर का भुगतान निश्चित समय सीमा में करवाया जाये, देर करने वाले अधिकारी-कर्मचारी पर जिम्मेदारी तय की जाये। शिक्षा विभाग के समस्त कर्मचारियों को संलग्नीकरण से मुक्त किया जाये जिनकी जहाँ पदस्थापना है वहाँ भेजा जाये, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाई जा सके। नगर निगम और एनसीएल, एनटीपीसी की एरिया में कार्यरत कर्मचारियों को आवासीय व्यवस्था एनसीएल, एनटीपीसी में करवाई जाये तथा एनसीएल, एनटीपीसी के अस्पतालों में निःशुल्क उपचार की व्यवस्था कराई जाये। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं आउटसोर्स कर्मचारियों के मानदेय का भुगतान हर माह एवं कर्मचारियों का डीए एरियर निश्चित समय सीमा में भुगतान कराये जाने की मांग की है।

**मोरवा पुलिस ने करीब 1 दर्जन आरोपियों पर की कार्यवाही**

# मादक पदार्थ के साथ एक धराए, वहीं दुष्कर्म के आरोपी को गोरखपुर से गिरफ्तार

**सिंगरौली।** मोरवा पुलिस ने बीती देर रात जहां कॉम्बिंग गस्त के दौरान अपराधियों पर नकेल कसने के लिए जगह-जगह दबिश देकर हिस्ट्री शीटर व निगरानी बदमाशों की जांच की। वहीं 13 गिरफ्तारी वारंटियों की तामीली के साथ एक स्थाई वारंटी रामशुभग लाल अगरिया पिता शिवरतन अगरिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चितरंगी थाना क्षेत्र के बगैया निवासी रामसुभग लाल लूट व डकैती की योजना के अपराध में कोर्ट से जमानत पाकर दिल्ली भाग गया था। उसके गृह ग्राम लौटने की सूचना पर कल उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। वहीं दुराचार के मामले में एक फरार आरोपी को भी नेपाल बॉर्डर के पास उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इसके अतरिक्त मोरवा थाना क्षेत्र के ग्राम खिरवा के निगरानी बदमाश राजाराम बिंद के घर दबिश देकर उसके पास से 8 सीसी कोडिंग युक्त कफ सिरप जप्त कर उसे गिरफ्तार किया गया। बताते चलें की राजाराम बिंद पर अकेले मोरवा थाना क्षेत्र में ही करीब एक दर्जन से अधिक अपराध पंजीबद्ध हैं।

# छः माह में गायब 328 मोबाईलो को पुलिस ने किया रिकवरी



**कलेक्टर के मौजूदगी में एसपी ने आवेदको को लौटाया, साइबर सेल के सक्रियता से मिली खोए हुये मोबाईल**

**सिंगरौली।** जिले क्षेत्र में करीब 6 महीने के दौरान 328 लोगों के आवेदको के गुम मोबाईल को साइबर सेल के सक्रियता से पुलिस ने रिकवरी कर आज कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के मौजूदगी में एसपी मनीष खत्री ने लौटाया है। जहां आवेदकगण मोबाईल पाकर खुशी से झूम उठे। बरामद मोबाईलो की कीमत लगभग 40 लाख रूपये आंकी गई है। जिले में गुम हुये मोबाईलो की शिकायतों में त्वरित कार्यवाही करने व गुम मोबाइलो को सर्च करने के निर्देश साइबर सेल सिंगरौली को मिले थे सायबर सेल द्वारा विगत 6 माह में गुम मोबाईल के आवेदन में संबंधित थाने की मदद से प्रदेश के विभिन्न जिलो से कुल 328 मोबाईल कीमत लगभग 40 लाख रुपये के बरामद कर विभिन्न आवेदकों को उनके गुम हुए मोबाईल फोन कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला व एसपी सिंगरौली द्वारा लौटाये गये। उपरोक्त मोबाईल अधिकतर साप्ताहिक बाजार में लापरवाही से गिरने, भीड़-भाड़ वाले इलाकों में भूलने एवं आवागमन के समय जेब से गिरने से गुम हुए थे। साइबर टीम द्वारा एसपी के निर्देशन में लगातार सर्चिंग की जा रही थी, जिसके परिणामस्वरूप गुम मोबाईल प्रदेश के विभिन्न जिलो के साइबर सेल एवं पुलिस थानो की मदद से प्राप्त किये गये है। उपरोक्त मोबाईल खोजने में साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक अराधना तिवारी, आर प्रशांत केशरी, वीरन सिंह ठाकुर, नंद किशोर रूहैला, राहुल सिंह कुशरो की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सरई में नशा मुक्ति रैली का आयोजन कल

**सिंगरौली।** जिले के सरई तहसील मुख्यालय में भगवती मानव कल्याण संगठन सरई द्वारा 17 जून को नशा मुक्ति रैली निकाली जाएगी। यह रैली सरई के पिपरही तालाब से प्रारंभ होकर तहसील कार्यालय तक जाएगी। रैली का मुख्य उद्देश्य जनमानस को नशा से बचाना है। उक्त रैली के समापन में उपखंड अधिकारी देवसर - सरई को 11 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। ज्ञापन का प्रमुख मांग सरई रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर संचालित कोलयार्ड को अन्यत्र स्थापित करने और सार्वजनिक मानव निस्तारण के लिए बने रोड से कोल परिवहन पर रोक लगाने एवं क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित शराब दुकानों व अवैध कारोबार पर रोक लगाने की मांग रहेगी। भगवती मानव कल्याण संगठन तहसील सरई के अध्यक्ष विजय कुमार जायसवाल ने सभी धर्म प्रेमी, समाजसेवियों, बुद्धिजीवी नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों से कार्यक्रम में शामिल होने की निवेदन की है।

# एनसीएल एवं कृति महिला मंडल की पहल पर 5 दिव्यांगजनों को मिला ई-रिक्शा

**रेडक्रॉस द्वारा संचालित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र द्वारा चयनित लाभार्थी हुए लाभान्वित**



**सिंगरौली।** एनसीएल मुख्यालय सिंगरौली में आज एक उल्लेखनीय सीएसआर के अंतर्गत पांच अस्थिबाधित दिव्यांगजनों को ई-रिक्शा प्रदान किए गए। इस सराहनीय पहल का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना तथा उन्हें सम्मानजनक आजीविका उपलब्ध कराना, जिससे उनका जीवकोपार्जन हो सके । यह पहल कृति महिला मंडल, एनसीएल सिंगरौली के सौजन्य से संपन्न हुआ । ई-रिक्शा प्राप्त करने वाले सभी लाभार्थियों का चयन इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र डीडीआरसी सिंगरौली द्वारा किया गया। इनमें से तीन दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग भी डीडीआरसी द्वारा प्रदान किए गए हैं, जो कि उनकी कार्यक्षमता को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगे। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी सिंगरौली के चेयरमैन एसडी सिंह द्वारा दिव्यांगजनों के समग्र विकास एवं पुनर्वास के लिए समय-समय पर दिशा-निर्देश दिए जाते रहे हैं। संस्था के सचिव डा. डीके मिश्रा ने भी दिव्यांगजनों को स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में सक्रिय प्रयासों का आह्वान किया था। यह समर्पित प्रयास आज मूर्तरूप में सामने आया। इस कार्यक्रम में एनसीएल सीएसआर प्रमुख राजीव रंजन की विशेष भूमिका रही। जिनकी संवेदनशीलता एवं तत्परता के कारण यह कार्य अत्यंत सहजता से संपन्न हो सका। उन्होंने दिव्यांगजनों के प्रति गहरी सहानुभूति प्रकट करते हुए इस प्रकार की पहल को निरंतर जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई। जिले के कलेक्टर एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष चन्द्रशेखर शुक्ला के मार्गदर्शन में जिले में दिव्यांगजनों के समग्र पुनर्वास की दिशा में सकारात्मक एवं ठोस प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों ने दिव्यांगजनों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# नगरीय निकायों को कम्प्यूटरीकृत करने के लिये वेब आधारित ई-नगर पालिका 2.0

**सीधी।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को कम्प्यूटरीकृत करने के लिये केन्द्रीकृत वेब आधारित ई-नगरपालिका 2.0 योजना प्रारंभ की है। यह योजना डिजिटल इण्डिया के उद्देश्य को बढ़ावा देने तथा पारदर्शी और त्वरित नागरिक सेवा देने के उद्देश्य से लागू की गयी है। यह योजना ई-गवर्नेंस का अनूठा उदाहरण है। ई-नगरपालिका 1.0 द्वारा नगरीय निकायों द्वारा प्रदत्त समस्त नागरिक सेवाओं, जन-शिकायत सुविधा, निकायों की आंतरिक कार्य-प्रणाली, समस्त भुगतान और बजट प्रक्रिया को एकीकृत कर ऑनलाइन सुविधा प्रदाय की जा रही है। मध्यप्रदेश ऐसा पहला राज्य है, जहाँ प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों को एक सिंगल पोर्टल पर लाया गया है।

ई-नगरपालिका 2.0 का विभिन्न विभागों जैसे उद्योग, राजस्व, पंजीयन विभाग आदि एवं भारत सरकार के महत्वपूर्ण मोबाइल ऐप जैसे उमंग से भी एकीकृत किया गया है। प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में नागरिक सेवाओं को प्रदाय करने के लिये एकीकृत एकल एसएपी, ईआरपी प्लेटफार्म आधारित ई-नगरपालिका 1.0 लागू की गयी थी। इसके बाद ई-नगरपालिका 2.0 नगरीय निकायों में लागू कर दी गयी है। इसके अंतर्गत 16 मॉड्यूल तथा 24 नागरिक सेवाएँ शामिल हैं। भौतिक अवसंरचना को क्लाउड सेवाओं द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है। ई-नगरपालिका 2.0 में जीआईएस एकीकरण और ऑर्टीफिशियल इंटेलीजेंस का भी उपयोग किया जा रहा है। कॉमन सर्विस सेंटर, एमपी ऑनलाइन कियोस्क सेंटर और भुगतान गेटवे के साथ ई-नगरपालिका 2.0 का एकीकरण किया जा रहा है। ई-नगरपालिका 2.0 ओपन सोर्स प्लेटफार्म टेक्नोलॉजी पर आधारित है। ई-नगरपालिका 2.0 पोर्टल का विकास 2 वर्ष तथा 5 वर्ष के ऑपरेशन और मेंटेनेंस का कार्य वेंडर द्वारा किया जायेगा। विभाग द्वारा अपनी वेबसाइट भी प्रारंभ की गयी है, जिसका यूआरएएल ध्उचनतइंदण्हवअण्पद है। वेबसाइट पर विभाग द्वारा नगरीय निकायों से संबंधित आवश्यक जानकारी स्टेटिक और डॉयनेमिक रूप में उपलब्ध करायी गयी है।

# प्रदेश में आरटीई प्रवेश प्रक्रिया का दूसरा चरण 16 जून से

**सीधी।** निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम में कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में निरूशुल्क प्रवेश का प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया 10 जून 2025 को पूरी हो चुकी है। प्रथम चरण के बाद जिन स्कूलों में सीटें रिक्त रह गई हैं, ऐसे स्कूलों को उनमें रिक्त सीटों सहित द्वितीय चरण प्रवेश प्रक्रिया के लिए पोर्टल पर प्रदर्शित किया गया है। आवेदकों द्वारा स्कूलों के च्वाइस को अपडेट किये जाने का कार्य 16 जून से 20 जून तक किया जा सकेगा। द्वितीय चरण के लिए ऑनलाइन लाटरी 25 जून 2025 को होगी। आवंटन के बाद स्कूल में प्रवेश एवं संबंधित स्कूल द्वारा मोबाइल ऐप से एडमीशन रिपोर्टिंग 25 जून से 30 जून 2025 तक की जा सकेगी। द्वितीय चरण के लिए नवीन आवेदन पंजीयन नहीं होगा और पुनरू सत्यापन प्रक्रिया भी नहीं होगी। वह आवेदक जिन्होंने प्रथम चरण में आवेदन किया था और सत्यापन के बाद पात्र पाए गए थे, उनका प्रथम चरण में कोई स्कूल आवंटित नहीं हुआ था। वह द्वितीय चरण के लिए स्कूल की च्वाइस अपडेट कर सकते हैं। जिन आवेदकों को प्रथम चरण में स्कूल आवंटन हुआ है, लेकिन स्कूल पसंद नहीं आने के कारण आवंटित स्कूल में एडमीशन नहीं लिया है, वह द्वितीय चरण में च्वाइस अपडेट कर सकते हैं। जानकारी स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर और सभी जिला परियोजना समन्वयक को भेजी गई हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिला राज्य केंद्र से प्राप्त की जा सकती है।

# नगरीय क्षेत्र में जर्जर भवन मालिकों के विरूद्ध करें कार्यवाही

## आयुक्त नगरीय प्रशासन ने दिये निर्देश

सीधी। नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त श्री संकेत भोंडवे ने प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि वे अपने क्षेत्रों में जर्जर भवनों की सूची तैयार करें और मानसून आने के पहले जिला प्रशासन के सहयोग से जर्जर भवनों को गिराने की कार्रवाई करें। उन्होंने अधिकारियों को प्रभावित नागरिकों के उचित विस्थापन किये जाने के भी निर्देश दिये हैं।

आयुक्त ने यह कार्यवाही नगर निगम अधिनियम और नगर पालिका अधिनियम के अंतर्गत सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने नगरीय निकायों के अधिकारियों को आगाह किया है कि सतर्कता के साथ की गई कार्यवाही से जनधन हानि से बचा जा सकता है। आयुक्त ने जर्जर भवनों की सूची तत्काल संबंधित जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को उपलब्ध कराने के लिये कहा है। आयुक्त नगरीय प्रशासन ने नगरीय निकायों के अधिकारियों को अपने शहरी क्षेत्र के नाले-नालियों की साफ-सफाई प्राथमिकता से करवाने के लिये कहा है। उन्होंने कहा कि नाले-नालियों की उचित साफ-सफाई न होने की वजह से जल भराव की स्थिति निर्मित होती है। इस वजह से नागरिकों को तकलीफ का सामना करना पड़ता है। आयुक्त श्री भोंडवे ने नगरीय निकायों को सफाई कार्य की अपने स्तर पर सतत समीक्षा करने के लिये भी कहा है।

## एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 17 जून को

**सीधी।** जिला रोजगार अधिकारी जिला रोजगार कार्यालय ने जानकारी देकर बताया कि जिले के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को एक ही छत के नीचे रोजगार एवं स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, आई.टी.आई एवं जिला रोजगार कार्यालय सीधी द्वारा दिनांक 17 जून 2025 को जिला रोजगार कार्यालय सीधी के परिसर में समय 11 बजे से 03 बजे तक एक दिवसीय ''युवा संगम'' संयुक्त रूप से रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है।

# एमपी किसान पोर्टल पर पंजीकरण के लिए किसानों को सलाह

**सीधी।** कृषि विभाग द्वारा किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए एमपी किसान पोर्टल पर पंजीकरण करने की सलाह दी गई है। यह पोर्टल किसानों के लिए एक सुगम और पारदर्शी मंच है, जिसके माध्यम से वे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, कृषि यंत्र सब्सिडी, बीज अनुदान, और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि वे पंजीकरण के लिए अपने आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण, खसरा-खतौनी और पंजीकृत मोबाइल नंबर के साथ पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराएं। पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए स्थानीय कृषि कार्यालय, पंचायत स्तर पर सहायता केंद्र, और कॉमन सर्विस सेंटर पर सहायता उपलब्ध है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे केवल प्रमाणित दस्तावेजों का उपयोग करें और आवेदन से पहले पोर्टल पर उपलब्ध दिशा-निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।पंजीकरण के बाद, किसान पोर्टल पर अपनी प्रोफाइल अपडेट रखें और योजनाओं की समय-सीमा व पात्रता की जानकारी के लिए नियमित रूप से जांच करें। यह पोर्टल न केवल योजनाओं के लिए आवेदन की सुविधा प्रदान करता है, बल्कि मृदा स्वास्थ्य, फसल चक्र, और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी भी उपलब्ध कराता है। अधिकारियों ने जोर दिया कि समय पर पंजीकरण और सही जानकारी प्रदान करने से योजनाओं का लाभ त्वरित और निर्बाध रूप से प्राप्त हो सकता है। किसानों से अनुरोध है कि वे नजदीकी कृषि समन्वयक या जिला कृषि कार्यालय से संपर्क करें और एमपी किसान पोर्टल के माध्यम से आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाएं।

# प्राकृतिक खेती पर्यावरण संरक्षण, मिट्टी की दीर्घकालिक उर्वरता और किसानों की आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देती है : कृषि वैज्ञानिक

**सीधी।** सीधी जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र सीधी एवं कृषि अधिकारियों द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती करने की सलाह दी गई। प्राकृतिक खेती पर्यावरण संरक्षण, मिट्टी की दीर्घकालिक उर्वरता और किसानों की आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देती है। यह रासायनिक आदानों पर निर्भरता को समाप्त कर लागत को कम करती है, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करती है और सुरक्षित पौष्टिक खाद्य उत्पादन सुनिश्चित करती है। साथ ही यह जैव विविधता को संरक्षित कर ग्रामीण समुदायों को आत्मनिर्भर बनाती है। विकसित कृषि संकल्प अभियान में आठवें दिन पहले दल द्वारा रामपुर नैकिन विकासखंड में गोपालपुर, ममदर, अमरपुर, दूसरे दल द्वारा सिहावल विकासखंड में कुबरी, तेन्दुहा नं1, पोखड़ौर एवं तीसरे दल द्वारा कुसमी विकासखंड में भुईमाड़, केशलार तथा सोनगढ़ में कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कृषक संगोष्ठी में कृषि वैज्ञानिकों तथा कृषि अधिकारियों द्वारा जिले के किसानों को प्राकृतिक कृषि के लाभ के विषय मे जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती को जीरो बजट खेती भी कहते हैं। यह एक ऐसी कृषि पद्धति है जो रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के उपयोग को पूरी तरह से त्याग देती है और प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित कर टिकाऊ खेती पर जोर देती है। इसके प्रमुख घटक और उनके महत्व निम्नानुसार हैं-जीवामृत यह गाय के गोबर, मूत्र, गुड़, बेसन और मिट्टी से बना एक प्राकृतिक उर्वरक है। जीवामृत मिट्टी में लाभकारी सूक्ष्मजीवों की संख्या बढ़ाता है जो पोषक तत्वों को पौधों के लिए उपलब्ध कराते हैं। यह मिट्टी की उर्वरता को प्राकृतिक रूप से बढ़ाता है और रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता को समाप्त करता है। बीजामृत- यह गाय के गोबर, मूत्र, चूना और मिट्टी से तैयार एक बीज उपचार विधि है। बीजामृत बीजों को रोगों और कीटों से बचाता है, अंकुरण दर को बढ़ाता है और पौधों की प्रारंभिक वृद्धि को मजबूत करता है। यह रासायनिक बीज उपचार का पर्यावरण-अनुकूल विकल्प है। आच्छादन (मल्चिंग)- मिट्टी को जैविक सामग्री जैसे पुआल, सूखी पत्तियों या घास से ढकना आच्छादन कहलाता है।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत विशेष विकास कैम्पों का होगा आयोजन

**सीधी।** जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अन्तर्गत 134 गांव में निवास करने वाले जनजातीय वर्ग के लोगों के लिये विशेष विकास कैम्प लगाये जायेंगे। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सीधी द्वारा बताया गया कि 15 जून से 30 जून तक आयोजित होने वाले कैम्पों के माध्यम से सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं से लाभांवित किया जायेगा। जनजातीय समुदाय के आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री सम्मान निधि, प्रधानमंत्री उज्जवला गैस, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, जाति प्रमाण पत्र आदि सेवाओं से वंचित लोगों को शत-प्रतिशत लाभ दिया जायेगा।

## कार्यालय कलेक्टर (जनजातीय कार्य विभाग) जिला सीधी (म.प्र.)

क्रमांक/936 /निर्माण/ज.जा.का.वि./2025-26 सीधी, दिनांक 11-6-25

**ई-निविदा विज्ञप्ति प्रथम आमंत्रण**

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रतिशत दर पर लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से भवन निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग (भवन) म.प्र. भोपाल द्वारा जारी दिनांक 01 जनवरी 2024 से भवन/विद्युत कार्य, एवं 25 मार्च 2022 लोक निर्माण विभाग (रोड एवं ब्रिज) से प्रभावशील लोक निर्माण विभाग के प्रचलित एस.ओ.आर. पर (निविदा दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित) निम्नांकित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदायें निम्न विवरण अनुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत शर्तें, निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारियाँ http://mptender.gov.in पर देखी जा सकती है।

1. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र विक्रय की प्रारंभिक तिथि - 16.06.2025
2. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 30.06.2025
3. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र जमा करनें की अंतिम तिथि - 30.06.2025
4. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र खोलनें की तिथि - 02.07.2025

| NIT No. | Online Tender id-No. | कार्य का नाम | विकास खण्ड का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेके की अनुमानित राशि लाखों में | अमानत राशि | कार्य पूर्ण करनें तिथि | उचित पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 910 | 2025_TAD_430295_1 | शासकीय आदिवासी जूनियर बालक छात्रावास पोस्ता का भवन निर्माण मय विद्युतीकरण एवं अन्य कार्य | रामपुर नैकिन | 15000/- | 339.02 | 339029.00 | 12माह वर्षा ऋतु सहित | नवीन केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत |

ऑनलाईन अभिलेख जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट http://mptender.gov.in पर ही दर्ज किये जायेगें, पृथक से समाचार पत्रों पर प्रकाशन नही किया जावेगा।

सहायक आयुक्त
जनजातीय कार्य विभाग
जिला-सीधी ( म.प्र. )

जी-14379/25

# समस्त नदियों व जलाशयों में मत्स्याखेट पूर्णत : प्रतिबंधित रहेगा

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने अधिसूचना जारी कर जिले में 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक की अवधि में मत्स्याखेट पूर्णत: निषिद्ध किया है। म.प्र. शासन मछली पालन विभाग का ज्ञापन दिनांक 23.07.1987 के अनुसार छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं है और जिन्हें विनिर्दिष्ट जल की परिभाषा के अतंर्गत नहीं लिया गया है, को छोड़कर समस्त नदियों व जलाशयों में मत्स्याखेट पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। उल्लेखनीय है कि वर्षा ऋतु में मत्स्य के वंश वृद्धि (प्रजनन) दृष्टिकोण से उन्हें संरक्षण देने के लिए जिले के सभी प्रकार के जल संसाधनों में म.प्र. नदीय मत्स्योद्योग नियम 1972 की धारा 3 (2) के अन्तर्गत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बन्द ऋतु (क्लोज सीजन) घोषित किया गया है। इस अवधि में सभी प्रकार का मत्स्याखेट पूर्णत: निषिद्ध रहता है।

साथ ही मत्स्य विक्रय, मत्स्य विनियम एवं परिवहन करना भी प्रतिबंधित है एवं संज्ञेय दण्डनीय अपराध है। इन नियमों के उलंघन पर म.प्र. राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधित अधिनियम 1981 की धारा 5 के तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का कारावास या 05 हजार रूपये या दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है।

इस अधिसूचना के माध्यम से जन साधारण को सूचित किया गया है कि इस अवधि में किसी प्रकार का मत्स्याखेट, मत्स्य क्रय एवं विक्रय अथवा मत्स्य परिवहन न तो स्वयं करें और न ही इस कार्य में किसी अन्य का सहयोग दें।

# जल गंगा अभियान के तहत जन अभियान परिषद ने मनाया गया बावड़ी उत्सव

**सिंगरौली।** विश्व पर्यावरण दिवस पर म.प्र. जन अभियान परिषद अध्यक्ष मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव निर्देश में एवं जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नौगढ़ में जन अभियान परिषद सिंगरौली द्वारा हनुमान मंदिर के पास बावड़ी में साफ.-सफाई वृक्षारोपण व दीप प्रज्ज्वलित कर बावड़ी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन एवं म.प्र. जन अभियान परिषद के तत्वाधान में जल गंगा संवर्धन अभियान एवं एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण, बावड़ी उत्सव, रंगोली, दीप प्रज्वलन, गंगा दशहरा एवं विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम से पौधा रोपण का कार्य किया गया। वहीं जल गंगा संवर्धन अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नवांकुर संस्थाओं को पर्यावरण दिवस पर विधायक रामनिवास शाह एवं कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# चौहान वंशावली के सर्जक दिनेश प्रताप सिंह चौहान का निधन



**सीधी।** स्कूल शिक्षा विभाग में प्राचार्य पद से सेवानिवृत्त दिनेश प्रताप सिंह चौहान का जन्म 8 अगस्त 1952 में ग्राम पटपरा में हुआ।आपकी शिक्षा एम0ए0 हिंदी साहित्य, इतिहास बी0एड0 एवं साहित्यरत्न। हिंदी साहित्य के प्रखर विद्वान, प्रशासनिक दायित्वों का सकुशल निर्वहन करने वाले व्यक्तित्व के धनी दिनेश प्रताप सिंह ने 2013 में सीधी के चौहानों का इतिहास एवं 2014 में सीधी के चौहानों की वंशावली का भागीरथी प्रयास,श्रम साध्य मेहनत से सृजन कर प्रकाशित कराया। पुस्तकों का विमोचन मानस भवन में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। आपके द्वारा सृजित अन्य ग्रंथ काव्यांग चंद्रिका, हिंदी व्याकरण, प्रसाद की कहानी कला प्राकाशित हो चुकी है। भूत भावन महाकाल एवं मां चंद्रिका के महा उपासक अप्रैल से गम्भीर बीमारी से पीड़ित थे। उपचार के दौरान दिनांक 14/6/25 को सुबह 8 बजे आपने अंतिम सांस ली। सीधी के साहित्य जगत को सूना कर गए।आपकी प्रतिभा वाकपटुता अद्वितीय थी।

थोड़ा - थोड़ा निभा कर जीवन पथ में साथ।

बारी-बारी जा रहे,सभी पसारे हाथ।। पडा यही रह जाएगा वरसो का सामान। सिर्फ साथ में जाएंगे,करनी और ईमान।।

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, म.प्र. लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) सीधी संभाग सीधी

Website - www.mppwd.gov.in/pwdmp, email - eepwdsidhi@mp.nic.in

नि सू क्र. 07/2025-26 सीधी, दिनांक 12.06.25

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यो हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधनों सहित के आधार पर, प्रपत्र - 'अ' में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हों, से आमंत्रित की जाती है : -

| ग्रुप क्र. | टेंडर आई0डी0 | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि (रु लाख में) | 1. अमानत राशि 2. नि. प्रपत्र का मूल्य | 1. निविदा आमंत्रण क्रमांक 2. कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_PWDRB_430474 | उपसंभाग सीधी अन्तर्गत पुलिस लाईन सीधी में पुलिस अधीक्षक बंगला क्र. 131 का विशेष मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 4.23 | 1. 8460 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2 02 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | 2025_PWDRB_430476 | उपसंभाग सीधी अन्तर्गत पुलिस लाईन सीधी में डी.एस.पी. बंगला क्र. 132 का विशेष मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 4.22 | 1. 8440 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2 02 माह वर्षाकाल सहित |
| 3 | 2025_PWDRB_430478 | उपसंभाग सीधी अन्तर्गत सिविल लाईन सीधी में मजिस्ट्रेट बंगला एफ टाईप क्र. 225 (क) का विशेष मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 4.18 | 1. 8360 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2 02 माह वर्षाकाल सहित |
| | | योग :- | 12.63 | | |

1. ऑन लाइन पोर्टल http://mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने, डाउनलोड एवं निविदा डालने का समय एवं दिनांक 17.06.2025 सुबह 10.30 से 04.07.2025 शाम 5.30 तक है।
2. अमानत राशि, केन्द्रीयकृत पी.डब्लू.डी. पंजीयन, शपथ पत्र, जी.एस.टी.एन. एवं अन्य अभिलेख (लिफाफा-अ), सिर्फ ऑनलाइन अपलोड किये जा सकते है।
3. निविदा से संबंधित सशोधन, समय परिवर्तन आदि की सूचना केवल बेवसाइट के माध्यम से दी जावेगी।
4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

( एम.के. परते )
कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि., संभाग सीधी ( म.प्र. )

जी-14374/25

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, म.प्र. लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) सीधी संभाग सीधी

Website - www.mppwd.gov.in/pwdmp, email - eepwdsidhi@mp.nic.in

नि सू क्र. 06/2025-26 सीधी, दिनांक 12.06.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यो हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संसोधनों सहित के आधार पर, प्रपत्र - 'अ' में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हों, से आमंत्रित की जाती है : -

| ग्रुप क्र. | टेंडर आई0डी0 | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि (रु लाख में) | 1. अमानत राशि 2. नि. प्रपत्र का मूल्य | 1. निविदा आमंत्रण क्रमांक 2. कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_PWDRB_430473 | उपसंभाग मझौली के उपखण्ड कुसमी अन्तर्गत भदौरा से शंकरपुर इन्द्रपाल शुक्ला के घर तक पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य। लम्बाई 4.00 कि.मी. लो0नि0वि0, सड़क एस.ओ.आर. 11.04.2025 | 396.20 | 1. 396200 2. 15000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2 06 माह वर्षाकाल सहित |
| | | योग :- | 396.20 | | |

1. ऑन लाइन पोर्टल http://mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने, डाउनलोड एवं निविदा डालने का समय एवं दिनांक 18.06.2025 सुबह 10.00 से 08.07.2025 शाम 6.00 तक है।
2. अमानत राशि, केन्द्रीयकृत पी.डब्लू.डी. पंजीयन, शपथ पत्र, जी.एस.टी.एन. एवं अन्य तकनीकी विड से संबंधित अभिलेख (लिफाफा-अ एवं ब), सिर्फ ऑनलाइन अपलोड किये जा सकते है।
3. उक्त सभी कार्य म.प्र. शासन लो.नि.वि. मंत्रालय भोपाल के आदेश क्र. एफ 53/02/2011/यो/19/524 भोपाल, दिनांक 14.02.2025 के अनुसार एस.ओ.आर. से 20 प्रतिशत से अधिक कम दर (Rates Below SOR Beyond 20%) डालने पर दोगुनी दर से अतिरिक्त परफारमेन्स गारंटी की राशि जमा करनी होगी, जो कि सिर्फ एफ.डी.आर. के रूप में मान्य होगी।
4. निविदा से संबंधित सशोधन, समय परिवर्तन आदि की सूचना केवल बेवसाइट के माध्यम से दी जावेगी।
5. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

( एम.के. परते )
कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि., संभाग सीधी ( म.प्र. )

जी-14370/25

## संपादकीय

### एक और युद्ध?

इजरायल ने ईरान के 'परमाणु कार्यक्रम ठिकानों' पर अचानक हमला करके न सिर्फ सबको चौंका दिया है बल्कि इस पूरे क्षेत्र को अनिश्चितता के भंवर में डाल दिया है। अमेरिका ने तत्काल यह साफ किया कि इस कार्रवाई में वह शामिल नहीं है। वहीं, यह लगभग तय माना जा रहा है कि ईरान जवाबी कार्रवाई करेगा। इजरायल ने ईरान के खिलाफ अपनी कार्रवाई को ऑपरेशन राइजिंग लायन नाम दिया है, जो बताता है कि यह अपने आप में महज एक कार्रवाई नहीं बल्कि नया सिलसिला हो सकता है। हमलों का व्यापक रूप भी इसकी गंभीरता को स्पष्ट कर देता है। कम से कम छह राउंड में किए गए हवाई हमलों के तहत ईरान के परमाणु कार्यक्रम ठिकानों को निशाना बनाया गया। ईरान ने माना है कि इन हमलों में उसके कम से कम छह परमाणु वैज्ञानिक मारे गए। यही नहीं, ईरान के सबसे बड़े सैन्य अधिकारी इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स के चीफ हुसैन सलामी के भी मारे जाने की खबर है। ईरान ने तो जवाबी कार्रवाई का इरादा जता ही दिया है, खुद इजरायल सरकार ने भी अपने नागरिकों से अगले कुछ दिन घरों के अंदर रहने और खाने-पीने का सामान इकट्ठा कर लेने को कहा है। इजरायली कार्रवाई के वैश्विक दुष्प्रभावों का संकेत इसी एक तथ्य से मिल जाता है कि पहले हमले के कुछ घंटों के अंदर अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें 13 प्रतिशत बढ़ गईं। इसमें दो राय नहीं कि इजरायल लंबे समय से कहता रहा है कि ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से हर हाल में रोका जाए और जरूरी हो तो उसके लिए बल प्रयोग से भी हिचका न जाए। उसका कहना है कि ईरान इस स्थिति में आ गया था कि कुछ दिनों के अंदर 15 परमाणु बम बना सकता था। इजरायल के इन आरोपों की स्वतंत्र तौर पर पुष्टि नहीं हुई है। यह बात भी सच है कि इस मसले पर अमेरिका से ईरान की बातचीत चल रही थी। रविवार को दोनों पक्षों में अगले दौर की वार्ता होनी थी। ऐसे में इजरायल की अचानक की गई इस कार्रवाई के बाद सभी पक्षों की नजरें इस पर टिक गई हैं कि आगे घटनाक्रम कैसा रूप लेता है।

**इस्राइल ने ईरान के 'परमाणु कार्यक्रम ठिकानों' पर अचानक हमला करके न केवल सबको चौंका दिया है बल्कि इस पूरे क्षेत्र को एक बार फिर से अनिश्चितता के जद्दोजहद में धकेल दिया है। इससे महंगाई और बर्बादी दोनों बढ़ेगी। वहीं, गुटीय युद्ध से बचने के लिए अमेरिका ने तत्काल यह साफ किया है कि इस कार्रवाई में वह शामिल नहीं है। वहीं, अब यह भी लगभग तय माना जा रहा है कि रूस और चीन की रजामंदी के बाद ईरान भी पुरजोर जवाबी कार्रवाई करेगा। इससे तीसरा विश्वयुद्ध भी भड़क सकता है। दरअसल, इजरायल ने ईरान के खिलाफ अपनी कार्रवाई को ऑपरेशन राइजिंग लायन नाम दिया है, जो बताता है कि यह अपने आप में महज एक कार्रवाई नहीं बल्कि नया सिलसिला हो सकता है।**

# आखिरकार इजरायल द्वारा ईरान पर रणनीतिक हमला किए जाने के वैश्विक मायने

(कमलेश पांडे )

समझा जाता है कि ईरान की बार-बार की बन्दरघुड़की का इजरायल ने करारा जवाब दिया है। इस्राइल ने ईरान के 'परमाणु कार्यक्रम ठिकानों' पर अचानक हमला करके न केवल सबको चौंका दिया है बल्कि इस पूरे क्षेत्र को एक बार फिर से अनिश्चितता के जद्दोजहद में धकेल दिया है।

लीजिए एक और युद्ध का आगाज हो गया। इससे हथियार निर्माता कम्पनियों की बाछें पुनः खिल गईं। कहते हैं कि मरता क्या नहीं करता? आखिरकार बत्तीस दांतों के बीच घिरी जिह्वा की तरह मुस्लिम देशों से घिरे एकमात्र यहूदी मुल्क इजरायल ने अपने रणनीतिक हिफाजत के लिए मुस्लिम वर्ल्ड के सरगना देश ईरान पर निर्णायक हमला बोल दिया है, ताकि उसके परमाणु कार्यक्रमों पर ब्रेक लगाकर संभावित परमाणु हमलों से इजरायल के भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

समझा जाता है कि ईरान की बार-बार की बन्दरघुड़की का इजरायल ने करारा जवाब दिया है। इस्राइल ने ईरान के 'परमाणु कार्यक्रम ठिकानों' पर अचानक हमला करके न केवल सबको चौंका दिया है बल्कि इस पूरे क्षेत्र को एक बार फिर से अनिश्चितता के जद्दोजहद में धकेल दिया है। इससे महंगाई और बर्बादी दोनों बढ़ेगी। वहीं, गुटीय युद्ध से बचने के लिए अमेरिका ने तत्काल यह साफ किया है कि इस कार्रवाई में वह शामिल नहीं है। वहीं, अब यह भी लगभग तय माना जा रहा है कि रूस और चीन की रजामंदी के बाद ईरान भी पुरजोर जवाबी कार्रवाई करेगा। इससे तीसरा विश्वयुद्ध भी भड़क सकता है।

दरअसल, इजरायल ने ईरान के खिलाफ अपनी कार्रवाई को ऑपरेशन राइजिंग लायन नाम दिया है, जो बताता है कि यह अपने आप में महज एक कार्रवाई नहीं बल्कि नया सिलसिला हो सकता है। हमलों का व्यापक रूप भी इसकी गंभीरता को स्पष्ट कर देता है। यह हमला भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ छेड़े गए ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई जैसा है, लेकिन अपने दृढ़ संदेश में ऑपरेशन राइजिंग लायन एक मजबूत संदेश देता है, जिससे इस्लामिक देशों की चूलें हिल चुकी हैं। वहीं, ईरान ने भी यह माना है कि इन हमलों में उसके कम से कम छह परमाणु वैज्ञानिक मारे गए। यही नहीं, ईरान के सबसे बड़े सैन्य अधिकारी इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स के चीफ हुसैन सलामी के भी मारे जाने की खबर है। इससे ईरान ने जवाबी कार्रवाई का इरादा भी जता दिया है। वहीं, इस्राइली कार्रवाई के वैश्विक दुष्प्रभावों का संकेत इसी एक तथ्य से मिल जाता है कि पहले हमले के कुछ घंटों के अंदर अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें 13त्र बढ़ गई। जबकि कुछ शेयर बाजार रॉकेट की तरह भागे, और कुछ धराशायी हो गए।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि इस्राइल लंबे समय से कहता रहा है कि ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से हर हाल में रोका जाए और जरूरी हो तो उसके लिए बल



प्रयोग से भी हिचका न जाए। क्योंकि उसका यह कहना है कि ईरान इस स्थिति में आ गया था कि कुछ दिनों के अंदर ही वह 15 परमाणु बम बना सकता था। जो इजरायल के खिलाफ ही उपयोग होता। ऐसे में उसने निर्णायक हमले किए। यह बात दीगर है कि इस्राइल के इन आरोपों की स्वतंत्र तौर पर पुष्टि नहीं हुई है। वहीं यह बात भी सत्य है कि इस मसले पर अमेरिका से ईरान की बातचीत चल रही थी। 15 जून रविवार को भी दोनों पक्षों में अगले दौर की वार्ता होनी थी। ऐसे में इस्राइल की अचानक की गई इस कार्रवाई के बाद सभी पक्षों की नजरें इस पर टिक गई हैं कि आगे घटनाक्रम कैसा रूप लेता है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि ईरान की जवाबी कार्रवाई का स्वरूप कैसा और उसका दायरा कितना बड़ा होता है। क्या वह खुद को इस्राइल के खिलाफ सांकेतिक कार्रवाई तक सीमित रखता है या फिर अमेरिकी दूतावासों व अन्य ठिकानों को भी अपनी जद में लेता है या होरमुज की खाड़ी से गुजरते जहाजों को भी निशाना बनाता है जहां से 21त्र ग्लोबल तेल की सप्लाई होती है। गौरतलब है कि इजरायली हमले के बाद वहां के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल ने ईरान की मुख्य संवर्धन सुविधा, परमाणु विज्ञानियों और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को निशाना बनाया। उन्होंने ईरान पर हमले के बाद यह साफ कर दिया कि ऑपरेशन राइजिंग लॉयन अभी खत्म नहीं हुआ है। इजरायली हमले में ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के प्रमुख हुसैन सलामी के मारे जाने की पुष्टि हुई है।

वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि ईरान पर हुए इजरायली हमलों में अमेरिका शामिल नहीं है। साथ ही उन्होंने तेहरान को अमेरिकी हितों और कर्मियों को निशाना बनाने के खिलाफ चेतावनी दी। जबकि इजरायली रक्षा अधिकारी ने दावा किया कि हमलों में ईरान के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मोहम्मद बाघेरी और उनके कई शीर्ष सैन्य अधिकारी मारे जा चुके हैं।

ईरान पर इजरायली हमले के बाद अमेरिका ने एक आपात बैठक बुलाई। डोनाल्ड ट्रंप की अध्यक्षता में यह बैठक हुई। इसमें अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए आगे की एहतियाती रणनीति तय की गई। चूंकि तेहरान में हुए धमाकों के बाद इराक और ईरान ने अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है। इससे वैश्विक वायुयान सेवाओं पर भी असर पड़ना लाजिमी है।

वहीं, इजरायल ने ईरान में हमले के बाद देशभर में इमरजेंसी लागू की। इसके अलावा इस्राइल ने दुनिया भर में अपने दूतावास बंद करने का एलान किया है। साथ ही इस्राइल ने अपने नागरिकों से सतर्क रहने और सार्वजनिक स्थानों पर यहूदी या इस्राइली प्रतीक न दिखाने की अपील की है। मालूम हो कि विगत कई दशकों से गाजा पट्टी में इजरायल के खिलाफ संघर्षरत फिलिस्तीनियों और हमास के आतंकियों को जहां ईरान, सीरिया, जॉर्डन आदि मुस्लिम देश खुला समर्थन दे रहे हैं, वहीं पाकिस्तान-तुर्किये-अजरबैजान जैसे कुख्यात मुस्लिम देश भी उन आतंकियों को गुप्त शह प्रदान कर रहे हैं। लिहाजा इजरायल ने अब तय कर लिया है कि उसके खिलाफ षड्यंत्र में शामिल मुस्लिम देशों को अब बारी-बारी से भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। शायद इसलिए इजरायल ने अब ऐसे मुल्कों की जड़ों पर ही हमला बोलने का निश्चय किया है, जिसकी खौंफनाक शुरुआत भी कर दी है। जिसके बाद पश्चिम एशिया के दो कट्टर विरोधियों के बीच एक व्यापक युद्ध की आशंका तेज हो गई है। इसे 1980 के दशक में इराक के साथ युद्ध के बाद ईरान पर सबसे बड़ा हमला माना जा रहा है।

जानकारों की मानें तो पहाड़ों में भी ईरान के परमाणु ठिकाने हैं, जिसे अमेरिकी मदद के बिना इजरायल खत्म नहीं कर पाएगा। उनका कहना है कि इजरायल सिर्फ ईरानी परमाणु ठिकाने को ही नहीं, बल्कि उसकी खुमैनी सरकार को भी हटाना चाहता है। इसलिए इतना खतरनाक हालात पैदा किए हुए है।

# पिता-पुत्र का रिश्ता बेजोड़ एवं विलक्षण है

(ललित गर्ग )

भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों में पिता को देवतुल्य माना गया है। हमारे ग्रन्थों में माता-पिता और गुरु तीनों को ही देवता माना गया है। इनकी सेवा और भक्ति में कसर रह जाए तो फिर ईश्वर की प्राप्ति संभव नहीं।

भारतीय संस्कृति में पिता का स्थान आकाश से भी ऊंचा माना गया है, पिता की धर्म है, पिता ही संबल है, पिता ही ताकत है। पिता हर संतान के लिए एक प्रेरणा हैं, एक प्रकाश हैं और संवेदनाओं के पुंज हैं। इसके महत्व को दर्शाने और पिता व पिता तुल्य व्यक्तियों के योगदान को सम्मान देने के लिए हर साल जून महीने के तीसरे रविवार को अंतर्राष्ट्रीय पिता दिवस यानी फादर्स डे मनाया जाता है। इस साल 15 जून 2025 को भारत समेत विश्वभर में यह दिवस मनाया जायेगा। फादर्स डे 2025 का आधिकारिक थीम 'पिताः लचीलेपन का पोषण और भविष्य को आकार देना' है। यह थीम हमारे जीवन में पिताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालती है, जो बच्चों में सकारात्मक भावनाओं और सामाजिक विकास को बढ़ावा देते हैं। दुनिया के अलग-अलग देशों में अलग-अलग दिन और विविध परंपराओं के कारण उत्साह एवं उमंग से यह दिवस मनाया जाता है। यह एक ऐसा दिन है जिसे अपने पिता के सम्मान के लिए मनाया जाता है, साथ ही पितृत्व, पैतृक बंधन और समाज में पिताओं के प्रभाव को भी याद किया जाता है। हिन्दू परंपरा के मुताबिक पितृ दिवस भाद्रपद महीने की सर्वपितृ अमावस्या के दिन होता है। पिता एक ऐसा शब्द जिसके बिना किसी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। एक ऐसा पवित्र रिश्ता जिसकी तुलना किसी और रिश्ते से नहीं हो सकती। पिता ईश्वर का सबसे अच्छा उपहार हैं। जीवन में कोई भी पिता की जगह नहीं ले सकता। पिता अपनी संतान के सच्चे शुभचिंतक एवं हितैषी होते हैं।

सोनेरा डोड जब नन्ही-सी थी, तभी उनकी मां का देहांत हो गया। पिता विलियम स्मार्ट ने सोनेरो के जीवन में मां की कमी नहीं महसूस होने दी और उसे मां का भी प्यार दिया। एक दिन यूं ही सोनेरा के दिल में ख्याल आया कि आखिर एक दिन पिता के नाम क्यों नहीं हो सकता? इस तरह 19 जून 1910 को पहली बार फादर्स डे मनाया गया। 1924 में अमेरिकी राष्ट्रपति कैल्विन कोली ने फादर्स डे पर अपनी सहमति दी। फिर 1966 में राष्ट्रपति लिंडन जानसन ने जून के तीसरे रविवार को फादर्स डे मनाने की आधिकारिक घोषणा की। पिता ही बच्चों की सुरक्षा, विकास व समृद्धि के बारे में सोचते हैं। बावजूद बच्चों द्वारा पिता की लगातार उपेक्षा, दुर्व्यवहार एवं प्रताड़ना की स्थितियों बढ़ती जा रही है, जिन पर नियंत्रण के लिये इस दिवस की विशेष उपयोगिता एवं प्रासंगिकता है। मानवीय रिश्तों में दुनिया में सबसे बड़ा स्थान मां को दिया जाता है, लेकिन एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। पिता नीम के पेड़ जैसा होता है उसके पत्ते भले ही कड़वे होते हैं पर वो छाया ठंडी देता है। पिता और बच्चों का रिश्ता इस दुनिया में सबसे अलग होता है। एक तरफ पिता बच्चों को डांटते हैं, तो दूसरी तरह बच्चों से बेहद प्रेम भी करते हैं। पिता अपने बेटे की चोट पर व्यथित तो होता है लेकिन उसे बेटे के सामने मजबूत बने रहना है। ताकि बेटा उसे देख कर जीवन की समस्याओं से लड़ने का पाठ सीखे, सख्त एवं निडर बनकर जिंदगी की तकलीफों का सामना करने में सक्षम हो।

भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों में पिता को देवतुल्य माना गया है। हमारे ग्रन्थों में माता-पिता और गुरु तीनों को ही देवता माना गया है। इनकी सेवा और भक्ति में कसर रह जाए तो फिर ईश्वर की प्राप्ति संभव नहीं। और अगर हमने इनकी सेवा पूरे मन से की तो भगवान स्वयं कच्चे धागे से बंधे भक्त के पीछे-पीछे चल पड़ते हैं। इस दिवस को मनाने के तरीके अलग-अलग हो सकते हैं, परन्तु सभी का मुख्य उद्देश्य यह होता है कि वे अपने पिता के योगदान को न भूलें और उनको अकेलेपन की कमी को महसूस न होने दें। इतिहास में अनेकों ऐसे उदाहरण है कि पिता की आज्ञा से भगवान श्रीराम जैसे अवतारी पुरुषों ने राजपाट त्याग कर वनों में विचरण किया, मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार ने अपने अन्धे माता-पिता को काँवड़ में बैठाकर चारधाम की यात्रा कराई। फिर क्यों आधुनिक समाज में पिता और उनकी संतान के बीच दूरियां बढ़ती जा रही है। आज के पिता समाज-परिवार से कटे रहते हैं और सामान्यतः इस बात से सर्वाधिक दुःखी है कि जीवन का विशद अनुभव होने के बावजूद कोई उनकी राय न तो लेना चाहता है और न ही उनकी राय को महत्व देता है। समाज में अपनी एक तरह से अहमियत न समझे जाने के कारण हमारे पिता दुःखी, उपेक्षित एवं त्रासद जीवन जीने को विवश है। पिता को इस दुःख और कष्ट से छुटकारा दिलाना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। माँ ममता का सागर है पर पिता उसका किनारा है। माँ से ही बनता घर है पर पिता घर का सहारा है। माँ से स्वर्ग है माँ से बैकुंठ, माँ से ही चारों धाम है पर इन सब का द्वार तो पिता ही है। उन्हीं पिता के सम्मान में पितृ दिवस मनाया जाता है। आधुनिक समाज में पिता-पुत्र के संबंधों की संस्कृति को जीवंत बनाने की अपेक्षा है।

हर पिता अपने पुत्र की निषेधात्मक और दुष्प्रवृत्तियों को समाप्त करके नया जीवन प्रदान करता है। वरुण जल का देवता होता है। जैसे जल वस्त्र आदि के मैल को दूर करता है, वैसे ही पिता पुत्र की मानसिक कलुषता को दूर कर सद्संस्कारों का बीजारोपण करता है एवं उसके व्यक्तित्व को नव्य और स्वच्छ रूप प्रदान करता है। चन्द्रमा सबको शांति और अह्लाद प्रदान करता है, वैसे ही पिता की प्रेरणाएं पुत्र को मानसिक प्रसन्नता और परम शांति देती है। जैसे औषधि दुख, दर्द और पीड़ा का हरण करती है, वैसे ही पिता शिव शंकर की भांति पुत्र के सारे अवसाद और दुखों का हरण करते हैं। पय का अर्थ है-दूध। जैसे माता का दूध पुष्टि प्रदान करता है, वैसे ही पिता पुत्र के आत्मिक बल को पुष्ट करते हैं। मेरे लिये मेरे पिता स्व. श्री रामस्वरूपजी गर्ग देवतुल्य एवं गहन आध्यात्मिक-धार्मिक जीवट वाले व्यक्तित्व थे। उनकी जैसी सादगी, उनकी जैसी सरलता, उनकी जैसा समर्पण, उनकी जैसी धार्मिकता, उनकी जैसी पारिवारिक नेतृत्वशीलता और उनकी जैसी संवेदनशीलता को जीना दुर्लभ है। उन्होंने परिवार एवं समाज को समृद्धशाली और शक्तिशाली बनाने की दृष्टि से उल्लेखनीय कार्य किया। मेरे लिये तो वे आज भी दिव्य ऊर्जा के केन्द्र हैं। मेरे पिता मेरे आदर्श हैं, मेरे पिता संघर्ष की आंधियों में हौंसलों की उड़ान रहे तो

## वर्ग पहेली 5763



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1857 की क्रांति का पहला क्रांतिकारी जिनके सम्मान में भारत सरकार द्वारा सन् 1984 में एक डाक टिकट जारी किया गया (5)
6. जो नियम के विपरीत हो, जो ठीक न हो (3)
7. यह हंगरी देश की राजधानी है (4)
9. बेचैन, व्याकुल (3)
10. कला आदि सिखलाने वाला व्यक्ति, नवग्रहों में से एक (2)
11. जिसका कद छोटा हो, ठिगना, बौना (2)
13. सूजी, अत्यंत महीन कण (2)
14. पुराणानुसार ये श्रीराम के अनुज भरत के ज्येष्ठ पुत्र थे जिन्होंने गांधार में तक्षशिला नगरी स्थापित की थी (2)
16. गंतव्य स्थान, निशाना (2)
17. शास्त्रीय संगीत में पंचम स्वर (1)
18. परिज्ञात, संज्ञात, विदित, ज्ञात (3)
20. वह वाराणसी का पुराना नाम है (2)
21. बांस आदि का छोटा टुकड़ा (3)
23. इंदीवर, नीलोफर, राजीव (5)
24. केशलता, बालों का गुच्छा जो गाल पर लटके (2)

**ऊपर से नीचे**

1. किसी मंगल उत्सव में किया जाने वाला नांदी पाठ (6)
2. बात (पंजाबी)(2)
3. दुर्व्यसन, चसका, बुरी आदत, कुर (2)
4. वह किताब या डायरी जिसमें प्रतिदिन की कार्यवाही का विवरण लिखा जाता है (3)
5. धूल या चाक आदि से लिखा हुए को मिटाने वाला (3)
8. फेंकना, छोड़ना, घुसाना (3)
9. ये लेबनान देश की राजधानी है (3)
12. बहाने बाजी, हीला-हवाला (5)
15. क्षमा करने वाला, सहनशील (4)
19. यह कार्य का मात्रक है (2)
20. कार्य, काज, मतलब, उद्देश्य, इंद्रिय सुख की इच्छा (2)
22. पटसन का बना हुआ मोटा कपड़ा (2)

### वर्ग पहेली 5762 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | मं | धा | ना | | पै | रू |
| ति | | दि | न | क | र | | चि |
| ई | | व | | में | में | ह | |
| स | ल | | क | द | म | | व |
| नी | व | ता | | म | | म | या |
| | र | न | | हो | शि | या | र |
| मौ | | से | | ना | क | ना | |
| सा | व | न | | | वा | | |

## इजरायल-ईरान झगड़े में अब कूद गया भारत, परमाणु ठिकानों पर अटैक के बाद तुरंत एक्शन में आया

(अभिनय आकाश)

विदेश मंत्रालय ने कहा कि क्षेत्र में सभी भारतीय नागरिकों को सावधानी बरतने, सुरक्षित रहने और स्थानीय सुरक्षा परामर्श का पालन करने की सलाह दी गई है। ईरान और इजराइल के बीच तनाव बढ़ने के बीच विदेश मंत्रालय ने यह बयान जारी किया। खबरों के अनुसार, इजराइल ने ईरान में परमाणु संवर्धन केंद्रों समेत कई जगहों पर हमले किए हैं।

दुनिया में हर रोज एक नए जंग का मोर्चा खुल जा रहा है। एक बार फिर इजरायल और ईरान आमने सामने हैं। ये आमना सामना कोई मामूली नहीं है क्योंकि इजरायल ने ईरान पर दनादन मिसाइलों से हमला किया, एयर स्ट्राइक किया और इस हमले में ईरान के कई बड़े सैनिकों को मार गिराया है। सैन्य अधिकारियों की मौत के साथ साथ कुछ न्यूक्लियर साईट्स को भी निशाना बनाया गया है। इस हमले के बाद से ईरान बौखलाया हुआ है। ईरान बदले की कसम खा रहा है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई ने कहा कि इजरायल शासन ने हमारे देश में एक और अपराध किया है और इसका अंजाम उसे बहुत भारी पड़ेगा। इजरायल कह रहा है कि ये तो पहली खेप थी। ईरान की तरफ से कुछ करने की कोशिश की गई तो दोबारा हमला करेंगे और ईरान को खत्म कर देंगे। किसी भी तरह से ईरान के पास न्यूक्लियर हथियार नहीं होने चाहिए इस बात को लेकर एक तरफ जहां अमेरिका खड़ा है। तो दूसरी तरफ इजरायल है। यही वजह है कि इस बार इजरायल ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया। अब इस पूरे मामले पर भारत का भी रुख सामने आया है। ईरान और इजरायल के बिगड़ते हालात के बीच में बयान जारी करके कह रहा है कि दोनों देशों के बीच में जो हालिया गतिविधियां हुई हैं। वो काफी चिंताजनक हैं। भारत लगातार इस बात की निगरानी कर रहा है। भारत ने ने दोनों देशों से किसी भी तरह के तनाव बढ़ाने वाले कदमों से बचने का आग्रह किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि क्षेत्र में सभी भारतीय नागरिकों को सावधानी बरतने, सुरक्षित रहने और स्थानीय सुरक्षा परामर्श का पालन करने की सलाह दी गई है। ईरान और इजराइल के बीच तनाव बढ़ने के बीच विदेश मंत्रालय ने यह बयान जारी किया। खबरों के अनुसार, इजराइल ने ईरान में परमाणु संवर्धन केंद्रों समेत कई जगहों पर हमले किए हैं। विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा कि हम ईरान और इजराइल के बीच हाल के घटनाक्रमों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हैं। हम परमाणु स्थलों पर हमलों से संबंधित खबरों के साथ ही उभरती स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की पृष्ठभूमि में भारत ने दोनों पक्षों से किसी भी तरह के तनाव बढ़ाने वाले कदमों से बचने' का आग्रह किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि तनाव कम करने के लिए कूटनीति और संवाद के मौजूदा माध्यमों का इस्तेमाल करना चाहिए।

## आज का राशिफल

### मेष

आज दिनभर कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बनी रहेगी। जो लोग सरकारी या प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े हैं, उन्हें राज्य से विशेष सम्मान या मान्यता मिल सकती है। शाम तक कोई महत्वपूर्ण व्यवसायिक डील या अनुबंध फाइनल हो सकता है, जिससे आर्थिक लाभ की संभावना बन रही है।

### वृष

आज भाग्य साथ दे रहा है और दिन योजनाओं को आकार देने और कार्यान्वयन की दिशा में मजबूत कदम उठाने में बीतेगा। जो लोग व्यापार में विस्तार या बदलाव की योजना बना रहे हैं, उनके लिए समय अनुकूल है। किसी देवस्थान की यात्रा से मानसिक शांति मिलेगी।

### मिथुन

आज दिन रचनात्मक ऊर्जा से भरा रहेगा। लेखक, कलाकार, डिजाइनर या मीडिया क्षेत्र से जुड़े जातकों के लिए दिन विशेष उपलब्धियों वाला हो सकता है। जिन परियोजनाओं में रुचि है, वे गति पकड़ेंगी और उसमें वरिष्ठों का सहयोग भी मिलेगा।

### कर्क

आज मेहनत और प्रतिबद्धता तत्काल परिणाम दे सकती है। अधूरे कार्य पूर्ण होने से मानसिक संतुष्टि मिलेगी। नौकरी में प्रमोशन या टीम लीड करने की संभावना प्रबल है। व्यवसाय में कोई लंबित सौदा फाइनल हो सकता है।

### सिंह

आज दिन काफी व्यस्तता से भरा रहेगा। नौकरी में आपको अपने कामों को लेकर अतिरिक्त सतर्क रहना होगा क्योंकि वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्यों पर नज़र बनाए हुए हैं। करियर में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, लेकिन आप अपने आत्मविश्वास और अनुभव से सफल होंगे।

### कन्या

आज दिन सामान्?य है और आपका दिन बातचीत व समर्पण से कई समस्याओं को सुलझाने वाला रहेगा। कार्यस्थल पर संवाद कौशल से आप प्रतिद्वंद्वियों को भी मित्र बना सकते हैं। साझेदारी के व्यापार में किसी गलतफहमी का समाधान होगा।

### तुला

आज दिन लाभकारी रहेगा, विशेषकर उन लोगों के लिए जो लॉ, एडमिनिस्ट्रेशन या प्रॉजेक्ट मैनेजमेंट में कार्यरत हैं। कार्य से जुड़े विवादों का समाधान निकल सकता है और आपकी सूझबूझ से नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं।

### वृश्चिक

आज आर्थिक दृष्टि से दिन बहुत अनुकूल है। किसी पुराने निवेश से लाभ हो सकता है और नौकरी में अतिरिक्त आय या बोनस मिलने की संभावना है। व्यापारी वर्ग के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। नए ग्राहक और ऑर्डर मिल सकते हैं।

### धनु

आज सतर्कता की विशेष आवश्यकता है। जो लोग व्यापार में नए प्रयोग करने जा रहे हैं, उन्हें जोखिम उठाने के पूर्व पूरी रणनीति पर विचार करना चाहिए। करियर में स्थायित्व के लिए पुराने अनुभवों से सीख लेना उपयोगी रहेगा। धन से संबंधित किसी जरूरतमंद की सहायता करनी पड़ सकती है।

### मकर

आज दिन औसत रहेगा, परंतु छोटे-छोटे कार्यों से बड़ी संतुष्टि मिलेगी। साझेदारी में किया गया व्यापार लाभ देगा। व्यवसाय परिवर्तन या विस्तार की योजना पर सोच-विचार कर सकते हैं। घर-परिवार के दायित्वों की पूर्ति में व्यस्तता बनी रहेगी।

### कुंभ

आज भाग्य साथ दे रहा है। कार्यस्थल पर कोई नई जिम्मेदारी मिलने की संभावना है जो आपकी प्रेफेशनल ग्रोथ में सहायक होगी। व्यापार में स्थायित्व की ओर बढ़ने के संकेत हैं, किन्तु जल्दबाजी में लिया गया निर्णय नुकसान दे सकता है। शत्रु पक्ष या प्रतियोगी संस्थाएं आपकी नकल करने की कोशिश करेंगी ।

### मीन

आज भाग्य साथ देगा। दिन करियर में ऊंचाई और व्यापार में प्रगति लेकर आ सकता है। किसी बड़े सौदे में हां भरने से पूर्व सभी पक्षों की समीक्षा ज़रूरी है। व्यवसाय में जोखिम उठाना लाभकारी सिद्ध होगा, बशर्ते निर्णय व्यावसायिक बुद्धिमत्ता से लिया गया हो।

## संक्षिप्त समाचार

### किसी को दोषी बताना ठीक नहीं पर तय हो जवाबदेही: खरगे

**अहमदाबाद, एजेंसी।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि ऐसी त्रासदी के समय किसी को श्रेय लेने की होड़ नहीं करनी चाहिए। अब जब ब्लैक बॉक्स मिल गया है तो देखना होगा कि जांच का नतीजा क्या होता है। मौके पर किसी को दोषी ठहराना ठीक नहीं है। सभी पात्र लोगों को मुआवजा दिया जाना चाहिए। इसके अलावा जो भी जिम्मेदार है, उसकी जवाबदेही भी तय होनी चाहिए... कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा- अहमदाबाद में बहुत दुखद हादसा हुआ है। इतिहास में इस घटना को कोई नहीं भूल पाएगा। इस हादसे में जान गंवाने वालों के प्रति मैं अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं, हम उनके परिवारों के साथ खड़े हैं। मैं इस हादसे में जीवित बचे एकमात्र व्यक्ति के साहस की सराहना करता हूं। ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। खरगे ने आगे कहा- सरकार को विमान दुर्घटना के पीड़ितों के परिजनों को मुआवजा देना चाहिए और जवाबदेही तय करनी चाहिए। यह कहना सही नहीं है कि ऐसी दुर्घटनाएं होती हैं और यह एक सामान्य बात है। ऐसे समय में पूरे देश के लोगों को एक साथ आना चाहिए। मैं पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं से अनुरोध करूंगा कि वे लोगों की मदद करते रहें। यदि पीड़ितों को किसी चीज की जरूरत है तो उन्हें उसका भी इंतजाम करना चाहिए। इस बीच केंद्र सरकार ने हादसे के वजहों की जांच के लिए केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में एक हाई लेवल कमेटी गठित की है। कमेटी हादसे की वजह का पता लगाएगी और तकनीक विफलता, मानवीय भूल, मौसम की स्थिति, नियामक अनुपालन एवं अन्य वजहों समेत हादसे में योगदान देने वाले कारणों का आकलन करेगी। पीटीआई-भाषा की रिपोर्ट के मुताबिक, जांचकर्ता दुर्घटना के सभी संभावित कारणों की जांच कर रहे हैं, जिनमें 11 साल पुराने विमान के दोनों इंजनों में थ्रेस्ट की कमी, पक्षियों का टकराना या फ्लैप में समस्या शामिल है।

### बेटे ने दोस्त को सुपारी देकर कराई थी पिता की हत्या

**रेवाड़ी, एजेंसी।** गुरुग्राम से सटे हरियाणा के रेवाड़ी में बेटे द्वारा सुपारी देकर बुजुर्ग पिता की हत्या करवाने का मामला सामने आया है। रामपुरा थाना पुलिस ने मृतक के आरोपी बेटे रवि और सुपारी किलर कृष्ण को गिरफ्तार कर इस हत्याकांड की गुत्थी सुलझा ली है। 10 जून की रात को पिता का शव गांव ढोढवाल के पास खेत में मिला था। रेवाड़ी जिले में 5 एकड़ जमीन बेचने के बाद रुपये नहीं देने पर बेटे ने पांच लाख रुपये की सुपारी देकर पिता की हत्या करवाई थी। शुक्रवार को डीएसपी सिटी जोगेंद्र शर्मा ने बताया कि 10 जून की रात को गांव ढोढवाल के 62 वर्षीय बीर सिंह का शव पास के खेत में पड़े होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। मृतक के बेटे रवि ने पुलिस को गुमराह करते हुए कहा कि उनके परिवार की किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। खेतों में आवारा पशु प्रायः हमला करते रहते हैं। उनके पिता को भी किसी पशु ने अपना शिकार बनाया होगा, जिससे उनकी मौत हो गई। डीएसपी ने कहा कि पोस्टमॉर्टम के दौरान डॉक्टरों ने मृतक की गर्दन पर चाकू से कई वार किए जाने का उल्लेख किया तो पुलिस ने मृतक की पत्नी सुशीला के बयान पर रामपुरा थाना में हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। डीएसपी शर्मा ने कहा कि पूछताछ में बेटे रवि ने खुलासा किया कि चार साल पहले उसके पिता ने पांच एकड़ जमीन एक प्राइवेट कंपनी को लाखों रुपयों में बेची थी। जमीन के रुपयों को लेकर पिता के साथ उसकी अनबन चल रही थी। उसने पिता की हत्या करने के लिए पुंसिका के रहने वाले अपने दोस्त कृष्ण को पांच लाख रुपये की सुपारी दी थी। डीएसपी के मुताबिक, प्लान के अनुसार 10 जून की सुबह कृष्ण बिजली की लाइन ठीक करने के बहाने से बीर सिंह के ट्यूबवेल पर चला गया और उसने वहां बीर सिंह को भी बुला लिया। कृष्ण ने बीर सिंह की गर्दन में चाकू गोदकर हत्या कर दी। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को शुक्रवार को अदालत में पेश कर एक दिन की रिमांड पर लिया है। डीएसपी ने कहा कि रवि आपराधिक प्रवृति का है और थाना कसौला व जिला नूंह के थाना फिरोजपुर झिरका में उसके खिलाफ केस दर्ज हैं।

### एमपी के बालाघाट में 3 महिलाओं समेत 4 नक्सली ढेर

**बालाघाट, एजेंसी।** एमपी के बालाघाट जिले में सुरक्षाबलों ने नक्सल विरोधी अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए 4 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने बताया कि बालाघाट जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच कल रात से मुठभेड़ जारी थी। इसमें सुरक्षा बलों ने 4 नक्सलियों को मार गिराया। मारे गए नक्सलियों में एक पुरुष और तीन महिलाएं शामिल हैं। मुठभेड़ स्थल से हथियार भी बरामद हुए हैं। पुलिस मुख्यालय का कहना है कि घटना स्थल पर लगातार बारिश के बीच भी नक्सलनिरोधक अभियान जारी है। बालाघाट नक्सली मुठभेड़ पर मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश मार्च 2026 तक नक्सलवाद को समाप्त करने के संकल्प की दिशा में लगातार काम कर रहा है। बालाघाट में हुई मुठभेड़ में 4 नक्सली मारे गए हैं।

# इजराइल-ईरान संघर्ष के कारण जॉर्जिया में फंसे 61 राजस्थानी, सरकार से लगाई मदद की गुहार

**जैसलमेर, एजेंसी।** राजस्थान से आठ दिन पहले यूरोपिय देश जॉर्जिया गया 61 लोगों का एक दल इजराइल-ईरान संघर्ष की वजह से वहां फंस गया है। दरअसल इस संघर्ष के शुरू होने के बाद विमान कंपनियों ने बड़े पैमाने पर अपनी उड़ानें रद्द कर दी हैं, जिसके चलते ये लोग वहां से निकल नहीं पा रहे हैं। ऐसे में अब उन्होंने वहां से निकलने के लिए भारत सरकार से मदद की गुहार लगाई है। इस दल में मुख्य तौर पर 29 चार्टर्ड अकाउंटेंट और उनका परिवार शामिल है, जिनमें 3 बच्चों समेत कुल 61 लोग हैं। इन लोगों को शनिवार को एयर अरेबिया की फ्लाइट से जयपुर लौटना था, लेकिन मध्य एशिया में शुरू हुए संघर्ष की वजह से उनकी फ्लाइट रद्द हो गई, जिससे ये लोग फिलहाल वहीं फंस गए हैं।

राजस्थानी लोगों का यह ग्रुप जॉर्जिया की राजधानी त्बिलिसी में आयोजित एक आवासीय रिफ्रेशर कोर्स में भाग लेने के लिए वहां गया था और 13 जून को शारजाह के रास्ते भारत लौटने वाला था। हालांकि, बढ़ते तनाव के कारण कई विमान कंपनियों ने वहां से उड़ान सेवाएं निलंबित कर दी हैं, जिससे प्रतिनिधिमंडल जॉर्जिया में फंस गया है।

फंसे हुए लोगों में तीन सदस्य जैसलमेर के भी हैं। उनमें से एक, भाविक भाटिया ने परिजनों को भेजे एक वीडियो में भारत सरकार से तत्काल सहायता की अपील की। उन्होंने



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर से उनकी सुरक्षित निकासी के लिए हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। भाटिया ने अपने संदेश में कहा, हालांकि जॉर्जिया में स्थिति शांत है और सभी सदस्य अपने होटल में सुरक्षित हैं, लेकिन वर्तमान हालातों ने यहां फंसे हुए लोगों में चिंता और भय पैदा कर दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए भाविक भाटिया ने लिखा, हम 61 वयस्कों का समूह हैं, जिनमें 3 बच्चे भी हैं। आज हमारी जयपुर के लिए एयर अरेबिया जी9 297, जी9 435 की फ्लाइट थी, जो इजरायल और ईरान मुद्दे के कारण रद्द हो गई है। कृपया हमें भारत पहुँचने में मदद करें। राजस्थान में उनके परिवार के सदस्य भी उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता में हैं और उन्होंने सरकार से उनकी जल्द वापसी में मदद करने का आग्रह किया है। भाविक के पिता प्रमोद भाटिया ने जैसलमेर में संवाददाताओं से कहा कि हमारा परिवार बहुत चिंतित हैं। हम चाहते हैं कि वे सभी जल्द से जल्द सुरक्षित घर लौट आएं। उधर इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के केंद्रीय परिषद सदस्य रोहित रुवतिया ने कहा, हालांकि जॉर्जिया में कोई खतरा नहीं है, लेकिन हवाई संपर्क में अचानक व्यवधान के कारण वे वापस यात्रा करने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा, कोर्स में भाग लेने के लिए 61 लोगों का समूह 8 जून को जयपुर से रवाना हुआ था। समूह में 29 सीए और उनके परिवार के सदस्य शामिल थे।

### 8 वीं पास ठगों ने कई राज्यों के अनुभवी व्यापारियों से ठगे लाखों

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी।** यूपी के मुजफ्फरनगर में साइबर क्राइम थाना पुलिस ने फेसबुक पर फल व सब्जी विक्रेता कम्पनी के नाम से फर्जी पेज बनाकर विभिन्न राज्यों में ठगी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी फर्जी तरीके से फेसबुक पर पेज बनाकर लोगों से 50 लाख से अधिक की ठगी कर चुके हैं। उनके खिलाफ विभिन्न राज्यों में धोखाधड़ी के मामले में दर्ज हैं। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से 4 पासबुक, 3 चैक बुक, 9 सिमकार्ड, 3 मोबाइल व एक लैपटॉप बरामद किया है। पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए एसपी क्राइम इन्दु सिद्धार्थ ने बताया कि गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विकसित आनलाइन पोर्टल प्रतिबिम्ब पर जनपद मुजफ्फरनगर से फेसबुक पर फल व सब्जी विक्रेता कम्पनी के नाम सेपेज बनाकर धोखाधड़ी की शिकायतें मिली थी। शिकायतों की जांच साइबर क्राइम थाना पुलिस द्वारा की गयी। साइबर क्राइम थाना प्रभारी सुल्तान सिंह ने अपनी टीम के साथ खतौली के नहर पटरी से अहमद नवाज निवासी मोहल्ला काजीयान चौक खतौली, हाल जैननगर कस्बा खतौली व अमन निवासी मोहल्ला काजियान खतौली को गिरफ्तार कर लिया।

### जम्मू-कश्मीर में एकमात्र आप विधायक ने सरकार से वापस लिया समर्थन

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में आम आदमी पार्टी के एकमात्र विधायक मेहराज मलिक ने राज्य की नेशनल कांफ्रेंस सरकार से समर्थन वापस लेने की घोषणा कर दी है। इस बात की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी। अपने फैसले को मलिक ने राज्य के लोगों के हित में बताया और कहा कि राज्य की उमर अब्दुल्ला सरकार जनता के हित में काम नहीं कर रही है।

अपनी पोस्ट में विधायक ने लिखा, मैं, डोडा से विधायक मेहराज मलिक, सरकार गठबंधन में नेशनल कॉन्फ्रेंस को दिया अपना समर्थन वापस लेता हूं। यह निर्णय जम्मू-कश्मीर के मेरे लोगों के सर्वोत्तम हित में लिया गया है, जिनका विश्वास और कल्याण हमेशा मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। इसके बाद की अपनी एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा, केजरीवाल जी ने 49 दिनों के बाद इस्तीफा दे दिया था, क्योंकि वे लोगों की उस तरह से सेवा नहीं कर पा रहे थे जैसा वे चाहते थे। उमर अब्दुल्ला जी 9 महीने से ज्यादा समय से सत्ता में हैं, फिर भी उन्होंने कुछ नहीं किया है, इसलिए नहीं कि वे कर नहीं सकते, बल्कि इसलिए कि वे नहीं करेंगे। जन सेवा के लिए बहानों की नहीं, इरादों की जरूरत होती है। इससे एक दिन पहले मलिक ने एक्स पर लिखा था, 'अब बहुत हो गया, सरकार के 9 महीने। आने वाले दिनों में बड़ा फैसला लिया जाएगा। जवाबदेह होने का समय। कार्रवाई करने का समय।' बता दें कि बीते महीने के आखिरी सप्ताह में जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले से विधायक मलिक उस वक्त विवादों में आ गए थे, जब पुलिस ने उन पर एक महिला डॉक्टर की कथित मानहानि, आपराधिक धमकी देने और अपमान करने के आरोप में आम आदमी पार्टी की जम्मू-कश्मीर इकाई के प्रमुख और विधायक मेहराज मलिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। यह एफआईआर एक मेडिकल कॉलेज की एसोसिएट प्रोफेसर की शिकायत पर दर्ज की गई, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक ने सोशल मीडिया का इस्तेमाल सार्वजनिक रूप से धमकियां देने और उनके खिलाफ अपमानजनक, लैंगिक और अशोभनीय टिप्पणी करने के लिए किया।

### क्यों गिर जाता है विमान? अहमदाबाद प्लेन क्रैश पर पायलट सांसद ने बताया; जताई एक आशंका

**अहमदाबाद, एजेंसी।** बीते दिनों अहमदाबाद में प्लेन क्रैश हादसे में 274 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे को लेकर अलग-अलग एक्सपर्ट्स ने अपनी राय दी है। अब अहमदाबाद प्लेन क्रैश को लेकर भारतीय जनता पार्टी के सांसद और पायलट राजीव प्रताप रूडी का बयान सामने आया है। रूडी ने कहा कि ऐसा रेयर होता है कि प्लेन टेक ऑफ अच्छे से कर ले और उसके बाद क्रैश हो जाए। इस दौरान बीजेपी के पायलट सांसद ने एक और आशंका जताई है, जिसमें मानवीय गलती की ओर इशारा किया गया है। अहमदाबाद प्लेन क्रैश को लेकर बात करते हुए भाजपा के पायलट सांसद ने टेक ऑफ को लेकर पूरी डिटेल दी है। डिटेल देते हुए राजीव प्रताप ने बताया कि जब प्लेन टेक ऑफ करता है और जमीन से अलग होकर हवा में पहली उड़ान भरता है तो इंजन की ताकत सबसे ज्यादा लगती है। इसके बाद प्लेन धीरे-धीरे ढाई डिग्री से लेकर 7-8 डिग्री तक डिग्री के रोटेशन तक चला जाता है। इस दौरान जैसे-जैसे विमान ऊपर जाता है, उसके फ्लैप में बदलाव किया जाता है, ताकि प्लेन और ऊपर की ओर जा सके। रूडी ने बताया कि वीडियो में दिख रहा है कि 600 फीट की ऊंचाई तक पहुंचने के बाद भी लैंडिंग गेयर विमान के बाहर ही थे। रूडी ने कहा कि ऐसा कभी नहीं होता है।

# बारिश से अरुणाचल बेहाल, कट गया नेशनल हाइवे, 8 दिनों से अलग-थलग है चीन से सटा अंजाव जिला

**इटानगर, एजेंसी।** अरुणाचल प्रदेश में जोरदार बारिश का कहर देखने को मिला है। इसके चलते अरुणाचल प्रदेश का अंजाव जिला देश के अन्य हिस्सों से पिछले आठ दिनों से पूरी तरह से कटा हुआ है। भारत-चीन और भारत-म्यांमार सीमा को जोड़ने वाला नेशनल हाइवे-113 पर भी कई जगह कटाव और गड्ढे हो गए हैं। इसकी वजह से यह रास्ता भी इस्तेमाल के लायक नहीं है। इस हाइवे के अरोवा-खुपा-हायुलियांग के मोनपानी सेक्शन पर भी हालात ठीक नहीं है। इस वजह से स्थानीय लोगों तो परेशानी हो ही रही है। साथ ही रणनीतिक रूप से अहम चीनी सीमा से सटे इलाकों तक पहुंचना भी मुश्किल हो रहा है।

**सामान लाना भी हुआ मुश्किल**

रास्ता बंद होने के चलते दूर स्थित किबिथू और चगलगाम तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। चीन और म्यांमार की सीमा से जुड़े होने के चलते यह दोनों इलाके रणनीतिक रूप से बेहद अहम हैं। वहीं, कई इलाकों में स्थानीय समुदाय के लोग अलग-थलग पड़ गए हैं। खासतौर पर हायुलियांग, हवाई और आसपास के गांवों में चीजों की भारी किल्लत हो रही है। वाहनों का यातायात ठप होने के चलते तमाम स्थानीय लोग कई किलोमीटर पैदल चलकर जरूरी चीजें लाने के लिए विवश हैं।

**एडवाइजरी जारी :** स्थानीय अधिकारियों ने ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। इसमें स्थानीय निवासियों से रात में यात्रा करने से



बचने और सावधानी बरतने के लिए कहा गया है। इस बीच महिला एवं बाल विकास मंत्री और इस क्षेत्र से विधायक दासांग्लू पुल ने जमीन पर हालात का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि मोनापानी में काम चल रहा है। इसके लिए अधिकारी पूरी शिद्दत से जुटे हुए हैं। इसके अलावा फंसे हुए लोगों की मदद के लिए हेलीकॉप्टर सेवा भी शुरू की गई है।

**बनेगा अस्थायी रास्ता :** मंत्री पुल ने यह भी बताया कि अस्थायी तौर पर एक रास्ते की मंजूरी दी गई है, ताकि भविष्य में किसी तरह की दिक्कत होने पर उसका इस्तेमाल किया जा सके। उन्होंने कहाकि एक बार हालात सामान्य हो जाने के बाद इस नए रास्ते के लिए काम शुरू होगा। एनएच-113 कॉरिडोर के महत्व पर जोर देते हुए मंत्री ने कहाकि यह रास्ता हाइवे से बढ़कर है। यह लाइफलाइन है। मैं लोगों से अपील करती हूं कि शांति और सहयोग बनाए रखेंगे। लोगों की समस्या को हल करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

# इजरायली हमलों के बीच ईरान में फंसे भारतीयों की जल्द वापसी करवाएं सरकार: ओवैसी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इजरायल और ईरान के बीच में इन दिनों जमकर टसल चल रही है। दोनों ही देश एक-दूसरे के ऊपर रॉकेट्स, मिसाइल, ड्रोन्स से हमला कर रहे हैं। इसी बीच हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने ईरान में फंसे भारतीय नागरिकों को वहां से निकालने के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर से गुहार लगाई है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इसकी जानकारी साझा करते हुए बताया कि कई भारतीय नागरिक वहां फंसे हुए हैं। इनमे से कई छात्र भी हैं। ऐसे में सरकार को जल्द से जल्द इन्हें वहां से निकालने की व्यवस्था करनी चाहिए।

सोशल मीडिया साइट पर ओवैसी ने इन नागरिकों के लिए अपनी चिंता जाहिर की। उन्होंने लिखा, ईरान में 1,595 भारतीय छात्र फंसे हुए हैं, जिनमें से 140 छात्र तेहरान यूनिवर्सिटी में मेडीकल की पढ़ाई पढ़ रहे हैं। इन छात्रों के अलावा इराक में 183 भारतीय तीर्थयात्री भी फंसे हुए हैं। मैंने संयुक्त सचिव आनंद प्रकाश से इस वाले में बात की और फंसे हुए लोगों की जानकारी साझा की है। इन लोगों



को तुरंत वहां से निकालने की आवश्यकता है। मैं विदेश मंत्री एस जयशंकर और मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से अनुरोध करूंगा कि इनकी जल्द से जल्द वापसी सुनिश्चित की जाए।

आपको बता दें शुक्रवार तड़के इजरायली फाइटर जेट्स ने ईरान की राजधानी समेत कई जगहों पर बम बरसाए थे। इजरायली एयरफोर्स ने ईरान के कई बड़े सैन्य अधिकारियों और परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाया है। इजरायल की तरफ से यह हमला इतनी बड़ी तादाद में किया गया कि सुबह तक इजरायली विमान तेहरान के आसमान में मंडराते हुए दिखाई देते रहे। इजरायली सेना ने ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम को पूरी तरह से तबाह कर दिया। इस हमले में ईरान के 100 से ज्यादा लोग मारे गए हैं।

इजरायली हमले का जवाब देते हुए ईरान ने भी पूरे इजरायल पर मिसाइलों और रॉकेट्स और प्रोजेक्टाइल से हमला बोला। दुनिया में अपने डिफेंस के लिए मशहूर इजरायल का आयरन डोम ने काफी हद तक ईरानी हमलों को रोक लेकिन पूरी तरह से वह सक्षम नहीं हुए। ईरान की तरफ से किए गए इस हमले में इजरालय के कई रिहायशी इलाकों को नुकसान हुआ है।

अधिकारियों के मुताबिक इन हमलों में तीन लोगों की मौत हुई है। दोनों देशों के बीच में माहौल काफी गर्मा गया है। आने वाले दिनों में इस लड़ाई के और भी ज्यादा बढ़ने की आशंका है।

### अस्पताल ने व्यक्ति को मृत घोषित किया, अंतिम संस्कार की तैयारी करते समय जग गया

**ठाणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के उल्हासनगर में अस्पताल के डॉक्टर की ओर से मृत घोषित किया गया व्यक्ति उस समय जग गया, जब उसका परिवार उसके अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहा था। परिजनों ने शनिवार को बताया कि पीलिया से पीड़ित अभिमन्यु तायडे को बेचैनी की शिकायत के बाद स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल के डॉक्टर ने मृत्यु प्रमाणपत्र जारी कर दिया। इसके बाद परिवार ने उनके अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू कर दी, इसी दौरान अभिमन्यु तायडे जाग गए। अस्पताल के एक डॉक्टर ने अपनी गलती स्वीकार की, लेकिन दावा किया कि उन्होंने मानवीय आधार पर मृत्यु प्रमाण पत्र दिया था, जब परिवार ने स्वयं बताया था कि तायडे की मौत हो गई है। तायडे का फिलहाल दूसरे अस्पताल में इलाज चल रहा है। हॉस्पिटल की लापरवाही के संबंध में क्या कार्रवाई की जाएगी, यह जानने के लिए उल्हासनगर नगर निगम के चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। एम्बुलेंस उपलब्ध न होने कारण शिशु की मौत वहीं, महाराष्ट्र के पालघर जिले के मोखाडा में एक महिला ने एम्बुलेंस उपलब्ध न होने के कारण गर्भ में ही अपने बच्चे को खो दिया। उसकी नाजुक हालत के कारण उसे एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल



भटकना पड़ा। महिला के परिजनों ने शनिवार को यह दावा किया। महिला के पति ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने घटना के बारे में जवाबदेही तय करने की मांग की तो पुलिस ने उनकी पिटाई कर दी। हालांकि, अधिकारियों ने इन दावों का खंडन किया है। जोगलवाड़ी गांव की रहने वाली अविता कवार को 10 जून को प्रसव पीड़ा शुरू हुई, लेकिन 108 नंबर पर कॉल करने के बावजूद उसे एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं कराई गई। 11 जून को भी यही हुआ और नतीजा वही रहा, जिसके बाद उन्हें निजी वाहन से खोडाला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां के डॉक्टरों ने पहले तो इलाज का आश्वासन दिया, लेकिन 3 घंटे बाद उन्होंने कहा कि उसे मोखाडा ग्रामीण अस्पताल में ले जाया जाए क्योंकि उसकी हालत गंभीर थी।

# दिल्ली विधानसभा बनी पेपरलेस, ई-विधानसभा का केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने किया शुभारंभ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा अब पूरी तरह पेपरलेस हो गई है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को विधानसभा भवन में ई-विधानसभा प्रणाली का औपचारिक शुभारंभ किया। इस मौके पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, उप सभापति मोहन सिंह बिष्ट और पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा भी उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री ने कहा, दिल्ली विधानसभा में ई-विधान परियोजना की आधारशिला रखना विधायी दक्षता और पारदर्शिता के लिए प्रौद्योगिकी को अपनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा, अब मैं कह सकता हूं कि दिल्ली को उस तरह की उत्तरदायी सरकार मिल गई है। नौ करोड़ रुपए की मंजूरी के साथ 108 दिनों के अंदर ई-विधान प्रणाली को लागू किया जा रहा है।

उन्होंने कहा, यह आयोजन विधायी शासन के डिजिटलीकरण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। जबकि कई राज्य पहले ही ई-विधान प्रणाली को सफलतापूर्वक लागू कर चुके हैं, दिल्ली को इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पहल में शामिल होते देखना उत्साहजनक है। मुझे इस प्रगतिशील विकास का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। मैं दिल्ली विधानसभा को एक आदर्श विधानसभा के रूप में देखना चाहता हूं और यह पहल निश्चित रूप से उस




लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा, यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया अभियान को धरातल पर उतारने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने बताया कि अब दिल्ली विधानसभा नेशनल ई-विधानसभा पोर्टल से जुड़ गई है और आगामी मानसून सत्र पूरी तरह डिजिटल माध्यम से संचालित किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि ई-विधान प्रणाली के तहत विधानसभा की कार्यवाही, प्रश्नोत्तर, नोटिस, दस्तावेज और अन्य जरूरी कार्य अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ही उपलब्ध होंगे। इससे न केवल कागज की बचत होगी, बल्कि कार्य प्रणाली भी अधिक पारदर्शी और सुगम बनेगी। केंद्र सरकार की ओर से इस पहल के लिए दिल्ली विधानसभा को नौ करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, अगले 30 दिन में मानसून सत्र की सभी तैयारियां डिजिटल रूप में पूरी कर ली जाएंगी।

# बोरसे-बाबूता की जोड़ी ने वर्ल्डकप में गोल्ड जीता

## 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड इवेंट में पहले स्थान पर रहे, भारत तीसरे स्थान पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बोरसे और अर्जुन बाबूता की भारतीय जोड़ी ने वर्ल्ड कप में 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड इवेंट में चीनी जोड़ी को 17-7 से हरा कर गोल्ड मेडल जीता। आर्य बोरसे और अर्जुन बाबूता की भारतीय जोड़ी ने शनिवार को बर्लिन में खेले जा रहे इुस्स्फ(इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन) वर्ल्ड कप में भारत को दूसरा गोल्ड दिलाया। उन्होंने 10 मीटर एयर राइफल के मिक्स्ड इवेंट में चीन के जिफेई वांग और लिहाओ शेंग को 17-7 से हराकर गोल्ड मेडल जीता। नॉर्वे के जीनेट हेग ड्यूस्टैड और जॉन-हरमन हेग ने के सेगेन मैडालेना और पीटर मैथ्यू फियोरी को 16-14 से हरा कर ब्रॉन्ज मेडल जीता।

बोरसे और बाबूता क्वालिफिकेशन में 635.2 के साथ फाइनल में अपना स्थान पक्का किया बोरसे और बाबूता ने पहले 635.2 के क्वालिफिकेशन स्कोर के साथ फाइनल के लिए स्थान पक्का किया। वह दूसरे स्थान पर रहे। बबूता ने क्वालिफिकेशन में 317.7 का स्कोर बनाया जबकि बोरसे ने




317.5 का स्कोर कर। अन्य भारतीय जोड़ी, एलावेनिल वलारिवन और अंकुश जाधव, 631.8 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन में छठे स्थान पर रहे। इस साल की शुरुआत में, बोरसे ने पेरू के लीमा में वर्ल्ड कप में 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम इवेंट में रुद्राक्ष पाटिल के साथ मिलकर सिल्वर मेडल हासिल किया था। भारत पॉइंट टेबल में तीसरे स्थान पर बर्लिन में खेले जा रहे वर्ल्ड कप में भारत ने चार मेडल के साथ पॉइंट टेबल में तीसरे स्थान पर है। भारत के लिए आर्य बोरसे और अर्जुन बाबूता की जोड़ी ने जहां 10 मीटर राइफल मिक्स्ड इवेंट में गोल्ड जीता, वहीं सुरुचि ने 10 मीटर एयर पिस्टल में गोल्ड जीता। जबकि सिफ्ट कौर समरा और एलावेनिल वलारिवन ने अपने-अपने व्यक्तिगत इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीते थे।

भारत अब चीन (छह) और नॉर्वे (चार) से पीछे तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। चीन ने तीन गोल्ड, एक सिल्वर और दो ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं, जबकि नॉर्वे ने दो गोल्ड, एक सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल जीतकर पॉइंट टेबल में टॉप स्थान पर है।

## सनराइजर्स हैदराबाद की मालकिन काव्या मारन की होने जा रही है शादी?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सनराइजर्स हैदराबाद की मालकिन काव्या मारन को लेकर एक खबर सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि काव्या जल्द ही शादी करने जा रही हैं. उनके होने वाले पति अनिरुद्ध रविचंदर हैं, जो फेमस म्यूजिक कंपोजर हैं. अब इस पर किसी और की नहीं बल्कि खुद अनिरुद्ध की प्रतिक्रिया आई है. उन्होंने इसकी सच्चाई सबको बता दी है. काव्या मारन सनराइजर्स हैदराबाद के मालिक की बेटी हैं, जो आईपीएल के ऑक्शन से लेकर टीम के हर मैच में नजर आती हैं. 2024 की रनर-अप हैदराबाद इस बार लीग स्टेज से ही बाहर हो गई थी. काव्या की बात करें तो इंस्टाग्राम या किसी अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनका कोई आधिकारिक अकाउंट नहीं है. वह सिर्फ आईपीएल मैचों के दौरान ही नजर आती हैं. सोशल मीडिया पर दावा किया गया कि दोनों को एक डिनर डेट पर देखा गया. कहा गया कि पिछले 1 साल से काव्या और अनिरुद्ध डेट कर रहे हैं और जल्द ही शादी करने जा रहे हैं.

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराकर यूरोप में अपना अपराजेय अभियान जारी रखा




**कोटिंच, एजेंसी।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोप दौरे में अपना अपराजेय अभियान जारी रखते हुए चौथे मैच में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हरा दिया। मेजबान बेल्जियम को लगातार तीन मैच हराने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय टीम का मैच मुश्किल माना जा रहा था। लेकिन ऑस्ट्रेलिया पर जीत दर्ज कर भारतीय टीम ने अपनी मजबूती का एहसास कराया और बताया कि बेल्जियम के खिलाफ जीत कोई तुक्का नहीं थी। भारतीय महिला जूनियर टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उस दिन जीत हासिल की है, जिस दिन पुरुष और महिला सीनियर टीम को इसी टीम के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया की जोसी लॉटन ने पांचवें मिनट में गोल कर बढ़त बनाई। यह गोल पेनल्टी कॉर्नर के जरिए हुआ। भारतीय टीम ने सिर्फ तीन मिनट बाद इसका जवाब दिया। नंदिनी ने आठवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिए ही गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। पहले क्वार्टर के अंत में भारत की उप कप्तान हिना बानो ने 14वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाकर गोल किया और टीम को 2-1 से आगे कर दिया। शेष तीन क्वार्टर में दोनों टीमों ने कई मौके बनाए, लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। भारतीय टीम ने अपनी रक्षात्मक क्षमता को मजबूत बनाए रखी और निर्धारित समय सीमा में ऑस्ट्रेलिया को गोल का मौका न देते हुए एक शानदार जीत हासिल की। यह दौरे पर भारत की लगातार चौथी जीत है। इससे पहले भारत ने लगातार तीन मैच बेल्जियम के खिलाफ जीते थे। भारतीय टीम 17 जून को इस दौरे का अपना आखिरी मैच नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगी। इस मैच में जीत के साथ भारतीय टीम अपने दौरे का समापन यादगार तरीके से करना चाहेगी।

### दिल्ली जीएम ओपन

# अभिजीत गुप्ता ने चौथा खिताब जीतकर रचा इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अभिजीत गुप्ता 21वें दिल्ली इंटरनेशनल ओपन ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट (दिल्ली जीएम ओपन) 2025 के निर्विवाद चैंपियन बनकर उभरे। उन्होंने 10 में से 8.5 अंक हासिल कर एशिया के सबसे प्रतिष्ठित ओपन शतरंज इवेंट में रिकॉर्ड चौथा खिताब जीता। 36 वर्षीय गुप्ता ने 10 राउंड में अजेय रहते हुए शानदार प्रदर्शन किया। बेलारूसी जीएम मिहेल निकितेंको पर राउंड 9 में उनकी निर्णायक जीत ने उन्हें बढ़त दिलाई और आईएम अरोण्यक घोष के खिलाफ अंतिम राउंड में ड्रॉ ने उन्हें सीधे खिताब पर पहुंचा दिया।



निकितेंको (2520, बेलारूस) 8 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, उन्होंने भारतीय जीएम दिप्तयान घोष (2573) को टाईब्रेक में पछाड़ दिया। घोष ने तीसरे स्थान पर कब्जा किया, उन्होंने अपने शानदार खेल और जीएम कार्तिक वेंकटरमन पर अंतिम राउंड में महत्वपूर्ण जीत से प्रभावित किया। 8 अंक पर समाप्त होने के बावजूद, आईएम अरोण्यक घोष और जीएम आदित्य एस सामंत टाईब्रेक पर क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। शीर्ष 10 में अनुभवी पेशेवरों और उभरते सितारों का सम्मोहक मिश्रण था। वियतनाम के जीएम गुयेन डुक होआ ने 7.5 अंकों के साथ छठा स्थान हासिल किया, उसके बाद भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त जीएम एसएल नारायणन 7वें स्थान पर रहे। अर्मेनियाई जीएम मैमिकोन घारिब्यान और मैनुअल पेट्रोसियन क्रमशः 8वें और 9वें स्थान पर रहे, दोनों ने 7.5 अंक हासिल किए। शीर्ष 10 में किर्गिस्तान के आईएम टोलोगोन टेंगिन सेमेटेई भी शामिल रहे, जिन्होंने भी 7.5 अंक हासिल किए - जो टूर्नामेंट के विविधतापूर्ण और प्रतिस्पर्धी क्षेत्र को दर्शाता है। दिल्ली शतरंज संघ द्वारा आयोजित, इस वर्ष के संस्करण में 20 से अधिक देशों के 2,500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें 24 ग्रैंडमास्टर शामिल थे, और इसमें 1.21 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड पुरस्कार पूल था। नई दिल्ली में आयोजित इस टूर्नामेंट ने एक बार फिर शीर्ष और उभरते शतरंज खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में अपनी प्रतिष्ठा को मजबूत किया। इस बीच, छतरपुर के टिवोली गार्डन में आयोजित श्रेणी सी में 1,250 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और कुल पुरस्कार राशि 35 लाख रुपये थी। इस खंड के विजेता तमिलनाडु के दिनेश कुमार एच थे, जिन्होंने 4,00,000 रुपये का शीर्ष पुरस्कार जीता। उनके बाद नैतिक सेठी (3,00,000 रुपये) और सिबी एम (2,00,000 रुपये) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। अन्य उल्लेखनीय पुरस्कार विजेताओं में गीतेश फोगट, साई कृष्णा एस. और एजीएम योगेश कुमार गुप्ता शामिल थे, जो भारतीय शतरंज सर्किट की उल्लेखनीय जमीनी ताकत को दर्शाते हैं।

इस ऐतिहासिक संस्करण के समापन के साथ, अभिजीत गुप्ता का चौथा खिताब न केवल एक व्यक्तिगत मील का पत्थर है, बल्कि वैश्विक शतरंज पारिस्थितिकी तंत्र में भारत के बढ़ते प्रभुत्व का प्रमाण भी है - शीर्ष और जमीनी स्तर दोनों पर।

### भारतीय एथलेटिक्स महासंघ का फैसला

# चार गुणा 100 मीटर रिले स्पर्धा एशिया खेलों के लिए अहम खेलों में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने 2018 और 2022 एशियाई खेलों में चार गुणा 100 मीटर के रिले स्पर्धा के लिए टीमों नहीं भेजी थी। एएफआई के शीर्ष अधिकारियों को 19 सितंबर से चार अक्तूबर 2026 तक ऐची-नागोया




में आयोजित होने वाले एशियाई खेलों में इन दोनों स्पर्धाओं में पदक की उम्मीद है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए जापान में 2026 एशियाई खेलों के लिए पुरुषों और महिलाओं की चार गुणा 100 मीटर रिले को प्राथमिकता वाली स्पर्धाओं में शामिल किया है। एएफआई के शीर्ष अधिकारियों को 19 सितंबर से चार अक्तूबर 2026 तक ऐची-नागोया में आयोजित होने वाले एशियाई खेलों में इन दोनों स्पर्धाओं में पदक की उम्मीद है। भारत ने 2018 और 2022 एशियाई खेलों में चार गुणा 100 मीटर के रिले स्पर्धा के लिए टीमों नहीं भेजी थी। एएफआई के पूर्व अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने कहा, एएफआई ने 2026 एशियाई खेलों के लिए पुरुष और महिला चार गुणा 100 मीटर रिले टीमों को प्राथमिकता वाली स्पर्धा में शामिल किया है। रिले टीमों द्वारा लगातार शानदार प्रदर्शन भविष्य के लिए शुभ संकेत है। इस वर्ष अप्रैल में गुरिंदरवीर सिंह, अनिमेष कुजूर, मणिकांत होबलीधर और अमलान बोरगोहेन की चार गुणा 100 मीटर रिले टीम ने 38.69 सेकेंड का समय लेकर 2010 दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों में बनाए गए 38.89 सेकेंड के एक दशक पुराने राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया था। पिछले एशियाई खेलों में चीन (38.29 सेकेंड), जापान (38.44 सेकेंड), दक्षिण कोरिया (38.74 सेकेंड) ने शीर्ष तीन में जगह बनाई थी। महिलाओं की चार गुणा 100 मीटर रिले में अभिनय राजराजन, श्राबनी नंदा, स्नेहा एसएस और नित्या गंधे की टीम ने हाल ही में दक्षिण कोरिया के गुमी में आयोजित एशियाई चैंपियनशिप में 43.86 सेकेंड का समय लेकर रजत पदक जीता।

## स्टीव स्मिथ ने उंगली की चोट पर दिया अपडेट, वापसी की योजना का किया खुलासा



**लंदन, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने अपनी चोट और क्रिकेट में वापसी पर अपडेट दिया है। आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान उन्हें उंगली में चोट लग गई थी।

स्मिथ को उम्मीद है कि वे वेस्टइंडीज के खिलाफ कैरेबियाई दौरे पर होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में खेलेंगे। स्टीव स्मिथ के कैच लेने के प्रयास में अपनी उंगली में चोट लग गई और बाद में तीसरे दिन के खेल के दौरान अपनी दाहिनी छोटी उंगली में कम्पाउंड डिस्लोकेशन के बाद उन्हें पास के अस्पताल में एक्स-रे के लिए भेजा गया। स्मिथ के लिए प्रारंभिक रिकवरी काफी अच्छी रही है और 36 वर्षीय खिलाड़ी सर्जरी से बच गए। उनके वेस्टइंडीज के खिलाफ 25 जून से शुरू होने वाली आगामी तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में खेलने का मौका है। स्मिथ ने कहा, मैं अब आठ सप्ताह तक स्प्लिंट में रहूंगा और शायद कुछ सप्ताह में मैं इसके साथ खेल सकूं।

यह मेरी कार्यक्षमता और मैं क्या कर सकता हूं, इस पर निर्भर करेगा, इसलिए यह शायद सबसे अच्छा परिणाम था जिसकी मैं उम्मीद कर सकता था।

जब दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क की गेंद पर गेंद को घेरे में ले लिया, तब स्मिथ हेलमेट पहने हुए पहली स्लिप में खड़े थे और ऑस्ट्रेलिया के इस अनुभवी खिलाड़ी ने उस समय बावुमा के केवल दो रन पर होने के बावजूद मौका गंवा दिया। चूके हुए मौके की कीमत ऑस्ट्रेलियाई टीम को चुकानी पड़ी क्योंकि कप्तान ने 66 रन बनाए और सलामी बल्लेबाज एडेन मार्करम के साथ मैच जीतने वाली साझेदारी में अहम भूमिका निभाई।

### आईसीसी ने कर दी घोषणा

# 17 जून से क्रिकेट में होंगे बड़े बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने पुरुषों के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के लिए खेल की परिस्थितियों में बड़े बदलावों की घोषणा की है। टेस्ट मैचों के लिए 17 जून, वन-डे इंटरनेशनल के लिए 2 जुलाई और टी20 इंटरनेशनल के लिए 10 जुलाई को नियम परिवर्तन लागू किए जाएंगे। इन बदलावों की सिफारिश आईसीसी पुरुष क्रिकेट समिति ने की थी और रिपोर्ट के अनुसार मुख्य कार्यकारी समिति ने इन्हें मंजूरी दी थी। मुख्य अपडेट में ओडीआई में गेंदों के इस्तेमाल के बारे में एक नया नियम और कन्कशन सब्सटीट्यूट के लिए एक अपडेटेड प्रोटोकॉल शामिल है।




**वनडे मैचों में 34 ओवर के बाद सिर्फ एक गेंद का इस्तेमाल**

अब तक वनडे में दोनों छोर से दो नई गेंदों का इस्तेमाल किया जाता रहा है। लेकिन नए नियम के तहत 34वें ओवर के बाद बदलाव होगा। पारी की शुरुआत से लेकर 34वें ओवर के अंत तक दो गेंदों का इस्तेमाल किया जाएगा, दोनों छोर से एक-एक। हालांकि 35वें ओवर से लेकर पारी के अंत तक, गेंदबाजी टीम द्वारा दो में से केवल एक गेंद का चयन किया जाएगा और दोनों छोर से उसका इस्तेमाल किया जाएगा।

अगर मैच शुरू होने से पहले 25 ओवर या उससे कम का हो जाता है, तो शुरू से केवल एक नई गेंद का इस्तेमाल किया जाएगा। बल्लेबाजी और गेंदबाजी के बीच बेहतर संतुलन लाने के लिए आईसीसी ने यह बदलाव किया है।

**सभी प्रारूपों में कन्कशन रिप्लेसमेंट के लिए नए नियम**

आईसीसी ने कन्कशन सब्सटीट्यूट नियम को भी संशोधित किया है ताकि इसे और अधिक संरचित बनाया जा सके और मैचों के दौरान किसी भी तरह की उलझन से बचा जा सके। अब से टीमों को खेल शुरू होने से पहले मैच रेफरी को पांच संभावित सब्सटीट्यूट खिलाड़ियों की सूची सौंपनी होगी।

# भारत-न्यूजीलैंड वनडे और टी-20 सीरीज के शेड्यूल का ऐलान

## 15 साल बाद इस शहर को मिली मेजबानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने शनिवार (14 मई) को न्यूजीलैंड के खिलाफ जनवरी 2026 में होने वाली वनडे और टी20 सीरीज के लिए शेड्यूल का ऐलान कर दिया। वडोदरा 15 वर्षों से अधिक समय के बाद पहले पुरुष अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी करेगा। न्यूजीलैंड के भारत दौरे की शुरुआत 11 जनवरी को होने वाला पहला वनडे नवनिर्मित कोटम्बी स्टेडियम में होगा, जिसने पहले ही दिसंबर 2024 में भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीन महिला वनडे मैचों की मेजबानी की। साथ ही वुमेंस प्रीमियर लीग 2025 के दौरान छह मैचों की मेजबानी की है। वडोदरा ने दिसंबर 2010 में रिलायंस स्टेडियम में अपना आखिरी पुरुष अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी की थी, भारत-न्यूजीलैंड एकदिवसीय मैच की मेजबानी की थी। वर्तमान भारतीय मुख्य कोच गौतम गंभीर उस मैच में प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे। उन्होंने शतक बनाया था और विराट कोहली ने नाबाद 63 रन बनाए थे।

### चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल पहली बार आमना-सामना

न्यूजीलैंड को 2025-26 भारत दौरे पर तीन वनडे और पांच टी20 मैचों की सीरीज खेलनी है। मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की जीत के बाद दोनों टीम पहली बार आमने-सामने होंगी। वडोदरा के बाद टीमें गुजरात में रहेंगी। राजकोट में 14 जनवरी को दूसरा वनडे मैच खेला जाएगा। इसके बाद 18 जनवरी को इंदौर में




वनडे सीरीज समाप्त होगी।

### यहां खेली जाएगी टी-20 सीरीज

मध्य-भारत में स्थित नागपुर (21 जनवरी) और रायपुर (23 जनवरी) पहले दो टी20 मैचों की मेजबानी करेंगे। इसके बाद टीमें दौरे के समापन के लिए दक्षिण की ओर जाने से पहले पूर्व की ओर बढ़ेंगी।

गुवाहाटी (25 जनवरी), विशाखापत्तनम (28 जनवरी) और तिरुवनंतपुरम (31 जनवरी) तीसरे, चौथे और पांचवें टी20 मैचों की मेजबानी करेंगे।

# शिविरों के जरिए शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को करें लाभांवित : कलेक्टर

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत रविवार से लगेंगे शिविर

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा है कि भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत रविवार से शिविर आयोजित किए जाएंगे। अभियान के तहत जिले के चिन्हांकित 108 ग्रामों में विभिन्न विभागों की चयनित योजनाओं के हितग्राहीवार शत प्रतिशत सेचुरेशन के लिए मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा गंभीरतापूर्वक दायित्वों का निर्वहन कर अभियान को सफल बनाने की कार्रवाई की जाए। 15 जून से प्रारंभ होने वाले विकासखण्डवार एवं ग्राम पंचायतवार शिविरों के प्रारंभिक एक-दो दिवसों में योजनाओं के लाभ से वंचित हितग्राहियों का चिन्हांकन कर सक्षम पदाधिकारी के यहां अनिवार्य रूप से आवेदन जमा कराएं और शिविर समापन तिथि 30 जून के पूर्व तक अनिवार्य रूप से विभागवार योजनाओं के हितलाभ का वितरण करें। कलेक्टर श्री कुमार ने



शनिवार को टाउन हॉल में अभियान अंतर्गत शिविर के शुभारंभ के पूर्व संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया और शिविर को सफल बनाने की अपेक्षा की।

उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय के व्यक्तियों को लक्ष्य एवं पात्रता मुताबिक सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए परस्पर समन्वय के साथ कार्य कर एवं शिविरों में ड्यूटीरत लोक सेवक नियमित रूप से उपस्थित रहकर वंचित लोगों तक आसानी से विभागीय योजनाओं का लाभ प्रदान करने की कार्यवाही करें। इस दौरान 70 प्लस एवं भवन निर्माण श्रमिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने सहित आधार कार्ड, राशन कार्ड, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन बैंक खाता, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति एवं प्रधानमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास, समग्र ई-केवायसी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्मा, मातृत्व वंदना योजना, टीकाकरण इत्यादि का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को हितग्राहियों के चिन्हांकन, पोर्टल पर आवेदन के संबंध में अन्य महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए। साथ ही निर्धारित प्रपत्र पर फार्म भरवाने के उपरांत लोक सेवा केन्द्रो में जमा कराने के लिए कहा।

जिला कलेक्टर ने अपने संबोधन में कहा कि हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के लाभ के संबंध में चिन्हांकन के दौरान समानांतर रूप से विभाग की अन्य योजनाओं एवं कार्यों की पूर्णता के लिए भी कार्रवाई करें। प्रशिक्षण के अवसर पर अन्य विभागीय अधिकारियों ने भी शिविर के दौरान विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में कार्ययोजना की जानकारी दी। प्रशिक्षण में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी सहित अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, जिला संयोजक आर.के. सतनामी, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार एवं पियूष मिश्रा, समस्त एसडीएम एवं जनपद पंचायत सीईओ भी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने जिला अस्पताल के सामने यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के दिए निर्देश



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा के साथ भ्रमण कर जिला चिकित्सालय परिसर के सामने आवागमन व्यवस्था को सुगम बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। यहां जनभागीदारी से निर्मित 21 दुकानों का भी निरीक्षण किया गया और फल-सब्जी दुकानदारों को निर्धारित सीमा के भीतर सामग्री रखने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर समक्ष में रेलिंग भी लगवाई गई। जिला कलेक्टर ने बताया कि अस्पताल परिसर के निकट यातायात व्यवस्था सुगम होने से मरीज एवं परिजनों को सहूलियत होने के साथ ही अन्य आगंतुकों को भी सुविधा होगी। यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के लिए पार्किंग स्थल का चिन्हांकन भी किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम संजय नागवंशी, तहसीलदार अखिलेश प्रजापति एवं थाना प्रभारी सिटी कोतवाली रोहित मिश्रा भी उपस्थित रहे।

# जुए के फड़ पर दबिश देकर 08 जुआड़ियों को मोके से गिरफ्तार कर की गई वैधानिक कार्यवाही

**देर रात्रि चली इस कार्यवाही मे मौके से पकड़ मे आये ज्वारियों से 52 ताश के पत्ते, 50 हजार 200 रुपये नगदी, 09 मोबाईल फोन एवं 11 मोटरसायकिल सहित करीबन कुल 12 लाख 50 हजार 200 रुपये का मशरूका किया गया जप्त**

**पन्ना।** जिले में अवैध गतिविधियों पर शिकंजा कसने की कड़ी में पन्ना पुलिस ने बीती रात देवेन्द्रनगर थाना क्षेत्र में जिगदहा हार मे एक बड़ी कार्यवाही करते हुए जुएं के अड्डे पर दबिश दी। कार्यवाही के दौरान मौके से 08 आरोपियों को गिरफ्त मे लिया गया, जिनके कब्जे से ?50 हजार 200 रुपये नगद राशि और 52 पत्तों की ताश की गड्डी, 09 मोबाइल फोन सहित मौके से 11 मोटर सायकिल बरामद की गई है।

उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्ण एस. थोटा के स्पष्ट दिशा-निर्देशों और निगरानी में अंजाम दी गई। मुखविर सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं एस.डीओ.पी पन्ना के मार्गदर्शन मे योजनाबद्ध तरीके से विगत 12-13 जून की रत्रि जिगदहा हार मे संचालित जुएं के फड़ मे दबिश दी, जिससे अड्डे पर मौजूद 08 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आए एवं अंधेरा व खुला हार होने का फायदा उठाकर कुछ आरोपी मौके




से भाग निकले जिसपर गिरफ्तार किए गए आरोपियों एवं अन्य के विरूद्ध जुआ अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विधिवत जांच प्रारंभ कर दी गई है। प्रारंभिक पूछताछ में और भी नाम सामने आने की संभावना जताई जा रही है, जिसके आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

नाम पता आरोपी में शिरीष अग्रवाल पिता गंगा प्रसाद अग्रवाल उम्र 54 साल निवासी देवेन्द्रनगर। रंजीत पिता गणेश प्रसाद सिसोदिया उम्र 40 साल निवासी देवेन्द्रनगर। परमलाल पिता पुक्ती लाला कुशवाहा उम्र 70 साल निवासी बडौरा। सतेन्द्र कुमार पिता हरिनारायण रावत उम्र 32 साल निवाली नैगवां थाना जसो सतना। लवकेश पिता रामनारायण चौरसिया उम्र 33 साल निवासी देवेन्द्रनगर। रामसुजान पिता नारायण दास पटेल उम्र 34 साल निवासी बडौरा । गोविंद चौधरी पिता हिसाबी चौधरी उम्र 35 साल निवासी बमरी देवेन्द्रनगर। पंचक गर्ग पिता अरूण गर्ग उम्र 34 साल निवासी जगदहा देवेन्द्रनगर। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर निरीक्षक हरवचन कूड़ापे एवं थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

पुलिस अधीक्षक पन्ना ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र में चल रही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी नि:संकोच पुलिस को दें। सूचना देने वाले का नाम और पहचान पूर्णत: गोपनीय रखी जाएगी।

# हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की द्वितीय परीक्षा 17 जून से

## जिला मजिस्ट्रेट ने जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार ने माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आगामी 17 जून से 5 जुलाई तक आयोजित होने वाली हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा 2025 के दृष्टिगत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत प्रतिबंधात्मक निषेधाज्ञा धारा 163 तत्काल प्रभाव से प्रभावशील करने का आदेश जारी किया है, जिसके तहत जिले के समस्त 11 परीक्षा केन्द्रों पर 200 मीटर की परिधि में संबंधित विद्यार्थी, स्कूल स्टॉफ, सुपरवाईजर, निरीक्षण दल, स्कूल



एवं परीक्षा में संबंधित सामग्री लाने वाला व्यक्ति तथा परीक्षा से संबंध रखने वाले व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे। प्रतिबंधित क्षेत्र में निर्धारित अवधि के दौरान किसी भी किस्म के ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर रोक रहेगी। साथ ही किसी भी किस्म के हथियारों को लेकर चलने अथवा प्रदर्शन पर भी प्रतिबंध रहेगा। प्रतिबंधित क्षेत्र में परीक्षा केन्द्र के आसपास पांच अथवा अधिक लोगों की अनाधिकृत मौजूदगी नहीं होगी।

उल्लेखनीय है कि जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मण्डल की परीक्षाओं के शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संचालन तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से उक्तादेश जारी किया गया है। आदेश के उल्लघंन पर संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# सार्थक एप्लीकेशन के माध्यम से ई-अटेंडेंस से उपस्थिति के लिए होगा प्रशिक्षण

**पन्ना।** कलेक्टेऊट स्थित कक्ष क्रमांक 37 में स्थापित ई-दक्ष केन्द्र में सार्थक एप्लीकेशन के माध्यम से अधिकारी-कर्मचारियों की ई-अटेंडेंस से उपस्थिति दर्ज कराने के संबंध में विभागवार तीन दिवसीय प्रशिक्षण 16 से 18 जून तक आयोजित किया गया है। शासन स्तर से निर्धारित परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में एकरूपता लाने तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न परियोजनाओं के जिला स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिले के अब समस्त विभाग एवं कार्यालयों में सार्थक एप्लीकेशन के जरिए शासकीय सेवकों की ई-अटेंडेंस से उपस्थिति दर्ज कराने की प्रक्रिया आगामी दिवसों में शीघ्र प्रारंभ होगी। इसके लिए प्रथम चरण में कार्यालय प्रमुखों को ई-दक्ष केन्द्र में प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला कलेक्टर द्वारा संबंधित जिलाधिकारियों को निर्धारित तिथि पर प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा इसके उपरांत अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को भी सुविधानुसार ऑफलाइन अथवा ऑनलाइन लिंक के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। सोमवार, 16 जून को दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पेंशन अधिकारी, जिला कोषालय अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, जिला संयोजक, म.प्र.ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, जिला जनसंपर्क अधिकारी, जिला आपूर्ति अधिकारी, जनपद पंचायत पन्ना, सहायक आयुक्त सहकारिता, वनमंडलाधिकारी दक्षिण, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम, उप संचालक कृषि एवं परियोजना संचालक आत्मा का प्रशिक्षण निर्धारित है। इसी तरह 17 जून को दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक अधीक्षक भू-अभिलेख, सहायक संचालक मत्स्य, सहायक पंजीयक सहकारी समिति, सहायक मृदा संरक्षण अधिकारी, वनमंडलाधिकारी उत्तर, उप पंजीयक, जिला सेनानी होमगार्ड, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें, उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जिला उपभोक्ता मंच, जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी एवं जनअभियान परिषद, जिला पंचायत, सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण विभाग तथा परियोजना अधिकारी एमडीएम व आवास योजना का प्रशिक्षण होगा।

इस क्रम में 18 जून को सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला विकास पुनर्वास केन्द्र, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन, लोक निर्माण विभाग, म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जिला मलेरिया अधिकारी, सिविल सर्जन, जिला आयुष अधिकारी, जिला लोक अभियोजन अधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना, अधीक्षक जिला जेल का प्रशिक्षण निर्धारित है, जबकि इसी दिवस को दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक हीरा अधिकारी, खनन अधिकारी, सहायक संचालक उद्यानिकी, जिला रोजगार अधिकारी, परियोजना अधिकारी आजीविका मिशन एवं मनरेगा, जिला शहरी विकास अभिकरण, नगर पालिका पन्ना, अधीक्षक आईटीआई पन्ना, छत्रसाल शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय पन्ना, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, श्रम पदाधिकारी, विपणन संघ, जिला ग्रामीण विकास एजेंसी, समग्र स्वच्छता एवं उप संचालक राष्ट्रीय उद्यान पन्ना का प्रशिक्षण निर्धारित है।

# प्रस्तावित फोरलेन एवं एलीवेटेड रोड निर्माण के संबंध में हुई चर्चा

**पन्ना।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 बमीठा-पन्ना-सतना के प्रस्तावित फोरलेन कार्य की रूपरेखा एवं कार्ययोजना तय करने तथा एलीवेटेड सड़क निर्माण के संबंध में गत दिवस



कलेक्टर कार्यालय के सभागार में संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं कंसलटेंट के साथ बैठक कर आवश्यक चर्चा की गई। इस अवसर पर पूर्व कैंबिनेट मंत्री एवं विधायक पन्ना बृजेन्द्र प्रताप सिंह सहित कलेक्टर सुरेश कुमार एवं क्षेत्र संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व अंजना सुचिता तिर्की भी उपस्थित रहीं। बैठक में विभिन्न निर्माण कार्यों सहित पन्ना बायपास में अलाइनमेंट जोड़कर एलीवेटेड सेक्शन का प्रस्ताव तैयार करने, पन्ना शहर में प्रस्तावित रिंग रोड से एनएच-39 के एलीवेटेड सेक्शन को जोड़ने सहित आवश्यक सुझावों पर विचार विमर्श भी किया गया। इस अवसर पर पन्ना विधायक के निर्देशन में पन्ना बायपास के विकल्प में संशोधन तथा आगामी दिवसों में सांसद की अध्यक्षता में पुन: बैठक कर संशोधित एवं उपयुक्त अलाइनमेंट विकल्प की स्वीकृति प्राप्त करने संबंधी निर्णय लिया गया।

# बैंकों के बाहर रैकी कर लोगों के रुपयों से भरे बैग को झपट्टा मारकर छीनने वाले एवं भीड़भाड़ वाली जगह से जेब से चोरी करने वाले तीन आरोपियो को किया गिरफ्तार

**आरोपियों के कब्जे से छीनी हुई राशि 50 हजार रुपये नगदी सहित घटना मे प्रयुक्त 02 मोटरसाईकिल की गई जप्त**

**पन्ना।** फरियादी द्वारा थाना अजयगढ मे रिपोर्ट किया कि मै क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अजयगढ से 41 हजार रुपये निकालकर अपने बैग मे रखकर मेन रोड पर आया तो मेरे बगल से एक मोटर साईकिल चालक आया और उसके पीछे दूसरी मोटरसाईकिल पर 02 लडके आये और मेरा बैग झपटकर लेकर भाग गए साथ ही इन्ही तीन लडको द्वारा एक अन्य फरियादी की जेब से भीड़भाड़ होने से 7200/- रु निकालकर चोरी की गई एंव कुंवरपुर निवासी एक अन्य फरियादी के बैग को भी झपटकर ले गये है जिसके बैग मे 42 हजार रुपये नगद रखे थे। फरियादियों की रिपोर्ट पर थाना अजयगढ मे अपराध पंजीबध्द किया जाकर थाना प्रभारी अजयगढ द्वारा मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियो को दी गई। मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साईं कृष्णा थोटा द्वारा तत्काल आरोपियों की पतारसी कर गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। जिसपर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं एसडीओपी अजयगढ राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना अजयगढ स्तर पर थाना प्रभारी अजयगढ के नेतृत्व मे टीम का गठन किया गया जो टीम द्वारा उक्त आरोपियों की तलाश पतारसी हेतु कस्बा अजयगढ मे संचालित वित्तीय संस्थानो, दुकानों के आसपास लगे सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गए एंव मानवीय आधार पर जानकारी एकत्रित की गई साथ ही थाना क्षेत्र मे विश्वस्त मुखबिर मामूर किये गये ।

जिस पर आरोपियों के बडी फील्ड अजयगढ मे देखे जाने की सूचना प्राप्त हुई मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा दबिस देकर 03 संदिग्धों को अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा कड़ाई से पूंछताछ किए जाने आरोपियों द्वारा उक्त तीनों घटनाएं किया जाना स्वीकार करते हुए बताया कि हम लोग बैंकों के बाहर रेकी करके अंदर बाहर जाने वाले व्यक्तिओं पर नजर रखते है जैसे कोई व्यक्ति अकेले पैसों से भरा बैग लेकर निकलता है तो उसका पीछा कर सुनसान इलाके में बैग छीन लेते है। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से कुल 50 हजार रुपये नगद एंव घटना मे प्रयुक्त 02 मोटरसाइकिल जप्त कर 01 विधि विरुध्द बालक को अभिरक्षा में लेकर 02 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय मे पेश किया गया हैजिसमे आरोपी निगम आदिवासी पिता भारत आदिवासी उम्र 30 साल निवासी ग्राम पठादा थाना ईशानगर जिला छतरपुर म.प्र. नत्थू आदिवासी पिता जालिम सिंह आदिवासी उम्र 32 साल निवासी टीबी टाबर के पास गणेश कालौनी वार्ड नं. 36 सिविल लाईन छतरपुर एंव 01 विधि विरुध्द बालक उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अजयगढ़ निरीक्षक बखत सिंह एवं थाना स्टाफ व सायबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा।

## रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन सुरेश कुमार ने नगर परिषद ककरहटी के वार्ड क्रमांक 13 में पार्षद पद के उप निर्वाचन के लिए तत्काल प्रभाव से तहसीलदार ज्योति राजपूत को रिटर्निंग अधिकारी एवं नायब तहसीलदार कोमल सिंह चढ़ार को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है। संबंधित अधिकारी म.प्र. नगर पालिका निर्वाचन नियम 1994 में निहित प्रावधानों के तहत निर्वाचन कार्य संपन्न कराने के लिए उत्तरदायी होंगे। उल्लेखनीय है कि गत दिवस राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों में पार्षद पद की रिक्त सीटों पर उप निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित किया गया है। इसके साथ ही संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में आदर्श आचरण संहिता भी निर्वाचन परिणाम की घोषणा होने तक प्रभावशील हो गई है। रिटर्निंग अधिकारी द्वारा सोमवार, 16 जून से अभ्यर्थियों से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जाएंगे। आवश्यक होने पर पार्षद पद के लिए आगामी 7 जुलाई को मतदान होगा।

# कांग्रेस संगठन सृजन अभियान का उद्देश्य पार्टी के मूल कार्य कर्ताओं का सम्मान बरकरार रखना है : केंद्रीय पर्यवेक्षक

**पन्ना।** देश तथा प्रदेश में कांग्रेस संगठन को बड़ी ही मजबूती के साथ खड़ा करना है एवं आम जनता की लड़ाई कांग्रेस पार्टी को लड़ना है इसी उद्देश्य से पूरे देश में कांग्रेस पार्टी द्वारा संगठनसृजन अभियान कार्यक्रम बनाया गया है जिसमें प्रत्येक जिले के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं उसी कड़ी में पन्ना जिले के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में अमित सुभाष राव जनक विधायक मालेगांव महाराष्ट्रको नियुक्त किया गया है तथा उनके साथ प्रदेश पर्यवेक्षक के रूप में एन पी प्रजापति पूर्व विधानसभा अध्यक्ष तथा प्रभारी पूर्व मंत्री सैयद अहमद भी साथ रहे। जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय पर्यवेक्षक श्री अमित सुभाष राव जनक ने कहां की सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करना है एवं देश तथा प्रदेश में भाजपा की जन विरोधी सरकार को आगामी चुनाव में उखाड़



फेंकना है इसके पूर्व हमें अपनी पार्टी के संगठन को मजबूत करना है प्रत्येक जिला तथा ब्लॉक एवं मंडलम स्तर पर पार्टी के कार्यकर्ता को पदाधिकारी की जिम्मेदारी देना है जिससे वह पार्टी के हित में काम करें उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा आगामी चुनाव में संगठन चुनाव लड़ेगा व्यक्ति नहीं एक जुटता के साथ लड़ाई लड़ने से कोई भी लड़ाई जीती जा सकती है वर्तमान समय में महंगाई बेरोजगारी चरम सीमा पर जिससे आम जनता परेशान है हमें जनता के साथ खड़े होकर जनता का साथ देना है जिस प्रकार हमारे नेता राहुल गांधी राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आम जनता के मुद्दों को लोकसभा तथा राज्यसभा में उठाकर सरकार को कटघरे में खड़ा किया है इसी प्रकार हमें स्थानीय मुद्दों पर जनता का साथ देना है बैठक को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति पूर्व मंत्री सईद अहमद जिला शाह प्रभारी राजभान पटेल भूपेंद्र राहुल पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे पूर्व विधायक महेंद्र बागरी जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाजीत सिंह आदि ने भी संबोधित किया तत्पश्चात पन्ना ब्लॉक कांग्रेसके कार्यकर्ता अजयगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ता धरमपुर ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की तथा जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त करने को लेकर चर्चा की इसके पूर्व स्थानीय सर्किट हाउस में पत्रकारों को संबोधित किया कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में जिले भर से पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# पन्ना के टेक्निकल स्टेडियम में क्रिकेट टूर्नामेंट प्रारंभ

## तहसीलदार अखिलेश प्रजापति और टी आई रोहित मिश्रा रहे विशिष्ट अतिथि, डॉक्टर जितेंद्र खरे ने किया पुरस्कृत

**पन्ना।** सिविल लाइन स्थित पॉलिटेक्निक ग्राउंड में पन्ना क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है जिसका शुभारंभ पन्ना टीआई रोहित मिश्रा और तहसीलदार अखिलेश प्रजापति ने किया पहले खिलाड़ियों ने अतिथियों का स्वागत किया और इसके बाद खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर अतिथियों ने टॉस फेक कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया इस टूर्नामेंट में पन्ना जिले की अमानगंज, पन्ना की अ, ब्र टीम,छतरपुर, खजुराहो, राजनगर शाहित 6 टीम में हिस्सा ले रही हैं लेदर बॉल के इस टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच पन्ना की ए टीम और अमानगंज की टीम के बीच खेला गया जिसमें अमानगंज में टॉस जीतकर बॉलिंग की पन्ना की ए टीम ने बैटिंग करते हुए 136 रन बनाए जिसमें सर्वाधिक 50 रन शुभ त्रिपाठी ने बनाये ओपनिंग जयराज सिंह और चिराग बागोरा ने की जिसमें जयराज सिंह ने 36 रन बनाकर आउट हुए , कुश अग्रवाल ने 20 रन जोड़े पूरी टीम ने चार विकेट पर 136 रन बनाए, लक्ष्य का सामना करने के लिए उतरी डायमंड क्रिकेट क्लब अमानगंज ने अच्छा खेल दिखाए पर पूरी टीम 115 रन के स्कोर पर आउट हो गई पन्ना की ओर से कुश अग्रवाल ने 2 और सक्षम विश्वकर्मा ने 2, प्रिंस पाठक ने एक और उमंग यादव ने 2 विकेट लिए और कैच पकडे, खिलाड़ियों में इतना उत्साह था कि 3 बजे से कड़ाके की धूप में सभी खिलाड़ी





खेलने मैदान में उतरे मुख्य अतिथि रोहित मिश्रा जो क्रिकेट के अच्छे खिलाड़ी है ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल सर्वांगीण विकास के लिए बहुत जरूरी है और इन दिनों स्कूल भी बंद है लिहाजा छात्रों को मोबाइल पर समय बिताने के बजाय खेल के मैदान पर खेल में समय देना चाहिए रोहित मिश्रा ने कहा कि खेल से शरीर स्वस्थ रहता है सर्वांगीण विकास होता है इस दौरान तहसीलदार अखिलेश प्रजापति ने कहा कि खेल बच्चों के लिए बहुत जरूरी है जो बच्चे खेल में आगे रहते हैं उन्हें समाज में भी अच्छा स्थान प्राप्त होता है, छात्रों को पढ़ाई के साथ खेल में रुचि लेनी चाहिए, तहसीलदार ने कहा कि सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रही है छात्रों के अभिभावकों से भी अपील की की बच्चों को मोबाइल पर समय बिताने की बजाय खेल में समय देने के लिए उत्साहवर्धन करेंगे तो निश्चित ही अच्छे खिलाड़ी निकलेंगे और बच्चों का शरीर स्वस्थ रहेगा मैच के उपरांत शिशु रोग विशेषज्ञ जितेंद्र खरे ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया मैन ऑफ द मैच शुभ त्रिपाठी को मेडल और नगद राशि प्रदान की डॉक्टर जितेंद्र खरे ने कहा कि खेल जीवन के लिए बहुत जरूरी है जिससे शरीर मजबूत होता है जो खिलाड़ी होते हैं उन्हें बीमारियां भी नहीं लगती, इस टूर्नामेंट का स्पॉन्सर जीके सीमेंट है आयोजन पन्ना क्रिकेट अकादमी की टीम सोहेल खान, सूर्यकांत श्रीवास्तव, अंकित अवस्थी ने किया है, अंपायरिंग हर्ष गर्ग और राज परमार ने की इस दौरान प्रमुख रूप से केशवेंद्र सिंह परमार, जितेंद्र मिश्रा, मिक्की सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर सीधी, सोमवार 16 जून 2025




कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने आगामी 18 जून को कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा रबी फसल की उपलब्धियों तथा खरीफ फसल की तैयारियों के संबंध में संभागीय बैठक की पूर्व तैयारी बैठक में समीक्षा की।




## मऊगंज में डीआईजी तथा पुलिस अधीक्षक ने रात में किया थानों का निरीक्षण

**मऊगंज।** वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने मऊगंज जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों का रात में निरीक्षण कर रात्रिकालीन गस्त का जायजा लिया गया। डीआईजी राजेश सिंह चंदेल ने थाना मऊगंज तथा पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी ने हनुमना एवं शाहपुर थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रात्रिकालीन गस्त के संबंध में पुलिस अधिकारी को निर्देश दिये गये। डीआईजी ने थाना प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा कि रात्रिकालीन भ्रमण के दौरान सर्तकता से संदिग्ध स्थानों और वाहनों की जांच करें। असामाजिक तत्व, नशे का अवैध कारोबार करने वाले तथा अन्य आपराधियों पर कठोरता से कार्यवाही करें। निगरानी सुदा बदमाशों तथा आद्यतन आपराधियों पर कड़ी निगरानी रखें।

## जल संरक्षण के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान में किये जा रहे प्रयास



**रीवा।** रीवा और मऊगंज जिले में वर्षा जल को संचित करने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है अभियान के तहत पुराने जल स्त्रोतों की साफ-सफाई के साथ-साथ नई जल संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ-साथ वर्षाकाल में वृक्षारोपण की भी तैयारी की जा रही है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि पीएचई विभाग द्वारा नल जल योजनाओं को चालू करने तथा पाइप लाइन की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय ने सहयोगी के साथ ग्राम तिलखन ठाकुर टोला में नल जल योजना में सुधार कराके पानी की आपूर्ति शुरू करायी। जल गंगा संवर्धन अभियान में ग्राम अगडाल में नल जल योजना का कार्य पूरा करके पीएचई विभाग ने उसे संचालन के लिए ग्राम पंचायत को हस्तांरित किया।

जल गंगा संवर्धन अभियान में जिले भर में बड़ी संख्या में खेत तालाबों का निर्माण किया जा रहा है। जनपद पंचायत रीवा की ग्राम पंचायत धोपखरी में दो खेत तालाब बनाये जा रहे हैं। इनका तकनीकी अधिकारियों ने निरीक्षण कर सात दिन में निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। गंगेव विकासखण्ड में ग्राम पंचायत पडुआ में दो खेत तालाब तथा लालगांव में तीन खेत तालाबों का निर्माण किया जा रहा है। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्राची चौबे ने सहायक इंजी. तथा उप यंत्री के साथ खेत तालाब का निरीक्षण किया। निर्माण कार्य सात दिवस में पूरा कराने के निर्देश दिये। ग्राम पंचायत लालगांव में सूर्यनारायण मिश्रा, सुनील प्रताप सिंह तथा कपिलेश मिश्रा द्वारा खेत तालाब का निर्माण किया जा रहा है। औद्योगिक क्षेत्र घूमा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वृक्षारोपण की तैयारी की जा रही है। औद्योगिक विकास निगम द्वारा वृक्षारोपण के लिए गढ़ढे तैयारी किये जा रहे हैं। इसके साथ-साथ अभियान में प्राचीन जल स्त्रोतों की सफाई तथा अमृत सरोबरों का निर्माण किया जा रहा है।

## जिले में अब तक 17.8 मिली मीटर वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में अभी मानसून ने दस्तक नहीं दी है लेकिन मानसून पूर्व ही वर्षा शुरू हो गयी है। जिले में 14 जून की शाम और रात में तेज आधी के साथ कई स्थानों पर वर्षा हुई। जिले में कई स्थानों पर गाज गिरने की घटनाएं हुई। इस संबंध में अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि जिले में 15 जून को 7.7 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गयी। सर्वाधिक 31 मिली मीटर वर्षा गुढ़ तहसील में दर्ज की गयी।

## किसान फसलों में उर्वरकों का संतुलित उपयोग करें : उप संचालक

**रीवा।** जिले के कृषकों को सलाह दी गई है कि वह डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरकों का प्रयोग करें। कृषि वैज्ञानिकों ने अपनी सलाह में कहा है कि डीएपी में केवल दो तत्व नाइट्रोजन व फास्फोरस प्राप्त होते हैं। जबकि एनपीके उर्वरक से फसलों के लिए आवश्यक सभी तीन मुख्य पोषक तत्वों नत्रजन, स्फुर एवं पोटाश की उपलब्धता होती हैं। इस प्रकार एनपीके उर्वरक से नत्रजन एवं स्फुर के अलावा पौधों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण तत्व पोटाश की पूर्ति किसान भाई सफलतापूर्वक कर सकते हैं। अतः एनपीके उर्वरक का प्रयोग करने पर किसान भाईयों को अलग से पोटाश डालने की जरूरत नहीं पड़ती है व लागत में कमी आती है। उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने किसान भाईयों के लिए डीएपी के स्थान पर एनपीके खाद का उपयोग करने की सलाह दी है।

उप संचालक ने कहा है कि फसलों में उर्वरकों का संतुलित उपयोग लाभदायक होता है।

## प्रहलाद सिंह का जन्मदिन मनाया गया



**रीवा।** मानव सेवा में समर्पित दादा श्री प्रहलाद सिंह जी का जन्मदिवस उन सभी जरूरतमंदों के लिए एक ऐसा जन्म दिवस होता है जैसे सावन मास का महीना सुबह से शाम तक दादा को बधाइयां शुभकामनाएं देना और स्वयं आशीर्वाद लेना उनसे क्योंकि पुरुष तो बहुत होते हैं बहुत कम ऐसे महापुरुष व्यक्ति का जन्म इस पृथ्वी पर होता है ऐसे ही हमारे दादाजी का स्वभाव समर्पण सेवा त्याग तपस्या का रूप सभी ने देखा है जिनका आज सभी समाज के लोगों ने सिंधी समाज के लोगों ने भगवान श्री झूलेलाल मंदिर सिंधु भवन में आरती अरदास पल्लव के साथ केक कटवाकर श्रीफल शाल पुष्प गुच्छ भेंटकर शुभकामनाएं दी। स्वागत भवन के वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों को बेडशीट सेट मिठाई एवं अन्य जरूरत की चीजें देकर शुभचिंतकों द्वारा आदरणीय दादा का जन्मदिन मनाया गया। एवं ईश्वर से दीर्घायु चिरायु की कामना की गई वहीं पंचमठा धाम देवभूमि में बिहर गंगा आरती श्री राम नाम पूजन अर्चन एवं अनेक पतित पावन कार्यक्रम के साथ सभी वर्गों के लिए विशाल भंडारा का आयोजन सभी संत महात्माओं का आशीर्वाद कार्यक्रम के साथ भव्य रूप से मनाया गया जिसमें उपस्थित संत समाज से साईं हंसदास जी साईं स्वरूप दास जी संतूलाल आहूजा घनश्याम काकवानी, कन्हैयालाल मंगलानी, सुदामालाल सचदेव, चंदीराम केसवानी, शंकर साहनी आदि उपस्थित रहे।


काउसिंलिंग कोड 608

श्री रामकृष्ण

कालेज आफ फार्मेसी

पीसीआई/9649 द्वारा अनुमोदित, आरजीपीवी भोपाल द्वारा सबद्ध

डी.फार्मा

रजिस्ट्रेशन के लिए तुरंत संपर्क करें

पता :-ग्राम देवरा, गुरुकुल स्कूल के पास, चोरहटा, रीवा (म.प्र.)

मो.: 9584324641, 6262084843, 7470944611








स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833